तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 18 अगस्त, 2025



12 ठेका मजदूरों पर बढ़ी निर्भरता, अल्प वेतन और कम सुविधाओं में लिया जा रहा काम






# दो घंटे में 14 सेंटीमीटर बारिश, महमरा एनीकट छलका, 6 फीट ऊपर से बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शनिवार की रात दो घंटे की झमाझम बारिश ने दस दिनों के सूखे को खत्म कर दिया। रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच ऐसी बारिश हुई कि सड़कें लबालब हो गई। इतने ही घंटों में ही दुर्ग जिले का औसत बारिश 138.2 मिलीमीटर यानी करीब 14 सेंटीमीटर हो गई। इधर शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट फिर से ऊफान में आ गया है। एनीकट से 6 फीट ऊपर पानी बह रहा है। शिवनाथ नदी में 1900 क्यूसेक पानी तीनों बैराजों से छोड़ा गया है। जिसमें मोंगरा बैराज, सूखा नाला और घूमरिया से ये पानी छोड़ा गया है। इस बारिश के बाद रविवार को पूरे दिन आसमान साफ रहा। धूप भी खिली रही।



## सबसे ज्यादा बारिश ट्विनसिटी में, निचली बस्तियां जलमग्न

शनिवार की रात हुई बारिश में सबसे ज्यादा बारिश दुर्ग में दर्ज की गई है। यहां 138.2 मिलीमीटर बारिश हुई। भिलाई में 40.4 मिमी, पाटन में 50 मिमी, धमधा में 10.9 मिमी, बोरी में 16.4 मिमी और अहिवारा में 12.7 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग रायपुर के मुताबिक दुर्ग जिले में एक जून से अब तक 647.7 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इस समय तक 674.5 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस हिसाब से अब भी 5 मिलीमीटर औसत बारिश कम है।

## शनिवार की रात 12 बजे से रात दो बजे तक बारिश से सड़कें लबालब, निचली बस्तियों में भरा पानी

### सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तटों से सटे पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में रहा। उसी क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 9.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और दक्षिण-पश्चिम दिशा में झुका हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान एक अवदाब में केंद्रित होने तथा 19 अगस्त की दोपहर के आसपास दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र प्रदेश के तटों को पार करने की संभावना है। विदर्भ और आसपास के क्षेत्रों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र आज उसी क्षेत्र में बना हुआ है। इसलिए प्रदेश में हल्की व मध्यम वर्षा की स्थिति बनी हुई है।

### किसानों को मिलेगी राहत

खेतों में सूखे के हालात थे। खेतों में दरारें आ गई थी। किसान प्रशासन से जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग कर रहे थे। जलाशयों में भी पानी की स्थिति सुधरी है। इस बारिश से किसानों ने भी राहत की सांस ली है। वहीं जलाशयों का जलभराव भी बेहतर हुआ है। लोगों को उमसभरी गर्मी से भी राहत पहुंची है। न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है।

### दो दिनों तक बारिश के आसार

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि मुख्य बिन्दु विदर्भ और आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से, 17 और 18 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ में बारिश गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। अगले 3 दिनों तक मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी संभावना है, जिसके बाद इसमें कमी आएगी। 18 अगस्त को बस्तर जिले के एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा की संभावना है, साथ ही बीजापुर व आसपास जिले के एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**भिलाई।** मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 10 जोन-3 वार्ड निवासी 48 खुर्सीपार मो. मोनुद्दीन ने अपने बेटा शाहबाद अहमद को नौकरी लगवाने के नाम पर मुम्बई निवासी नदीम फेजल उर्फ मोह. अनसारी को 1.50 लाख रूपये खाते में ट्रांसफर किया था। शहबाज बनारस से नेवी का कोर्स किया हैं, वर्तमान में मुम्बई में रहता है। बेटा बिस्मिल्लाह गेस्ट हाउस 15 मास्टर बिल्डिंग कन्डेल स्ट्रीट नियर गाली मुम्बई 9 के मकान में किराया पर रूका था। जहां गेस्ट हाउस का मालिक नदीम फेजल उर्फ मोह. अनसारी से पहचान होने पर मई 2025 में नदीम फेजल ने बेटे को मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने के लिए तीन लाख रुपए लगने का झांसा दिया। नदीम फेजल ने मोबाइल नंबर से दिनांक 21 मई को बातचीत कर नौकरी लगाने के नाम पर रुपए का डिमांड किया। भरोसे में उसके केनरा बैंक खाते में 1.50 लाख रुपए ट्रांसफर किया। दो माह बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लग पाई। बल्कि आरोपी ने दो माह के भीतर नौकरी लगाने का झांसा दिया था।

### धारदार चाकू लेकर डराने धमकाने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चुड़ी लाईन सुपेला के पास प्रगति नगर केम्प 01 निवासी हरजित सिंह लोगों को चाकू लेकर डरा रहा था।

### ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर 201 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर शहर के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई कर 201 चालान बनाए गए। शराब पीकर वाहन चलाने पर 2 चालको, मॉडिफाइड साइलेंसर उपयोग करने पर एक वाहन पर कार्रवाई की गई। मोडिफाई साइलेंसर का 5 हजार का चालान किया। अभियान के दौरान कुल 62 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

### वाशरूम में मिला पांच माह का भ्रूण

**भिलाई।** पांच माह का वाशरूम में भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया रविवार की सुबह मॉडल टाउन आदर्श नगर में किराए के मकान में रहने वाला लोगों के कॉमन वॉश रूम में एक भ्रुण मिला। जिसे किराएदार ने देखा और सूचना पूलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। फोरेंसिक टीम भी पहुंची और भ्रूण को कब्जे लेकर मेड़िकल कालेज भेजा गया। पुलिस उक्त भ्रुण के बारे में पता चला रही है कि किसका है। किस महिला का गर्भपात कराया कराया गया। जो भ्रूण को यहां छोड़ यहां से फरार हो गए है। भ्रुण मिलने की लोगों को इसकी जानकारी लगने पर लोगों की खासी भीड़ उणड़ गई। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाली एक महिला ने एक युवती को ठहराया था और वह फरार है।

## पेयजल संकट : बारिश के बाद सायफन में कचरा फंसा, मालवीय नगर चौक में वाल्व खराब

# 3 लाख की आबादी के लिए 15 साल में 300 करोड़ से ज्यादा खर्च, फिर भी 15 से ज्यादा वार्डों में जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिवनाथ तट से सटे होने के बाद भी दुर्ग शहर में पेयजल संकट के हालात अब भी बने हुए हैं। बता दें कि पिछले करीब 15 सालों ने दुर्ग निगम ने शहर के 60 वार्डों में पानी पहुंचाने के नाम पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च दिए हैं। बावजूद इसके शहर के 15 से ज्यादा वार्डों में जलसंकट के हालात बने हुए हैं। यह स्थिति तब है, जबकि बारिश का सीजन है। वर्तमान में शहर में लीकेज सबसे बड़ी समस्या है। शहर के 18 जगहों पर ऐसे बड़ी लीकेज हैं, जिनका मेंटेनेंस लंबे समय से अटका हुआ है। पिछले दिनों निगम ने इन लीकेज के संधारण के लिए 23 लाख रुपए का टेंडर भी निकाला, लेकिन निविदा की जटिलताओं के कारण अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इधर पानी को लेकर वार्डों में हाहाकार मचा हुआ है। वर्तमान में शहर में करीब 15 हजार हजार घरों तक पिछले चार दिनों से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। इसे लेकर लोगों द्वारा शिकायत भी की जा रही है, लेकिन शहर सरकार में उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी बघेरा और पोटिया पानी टंकी, 24 एमएलडी से जुड़ी नया बस स्टैंड पानी टंकी से सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। इसके कारण क्रमशः वार्ड 1, 2, 3, 4, 56, 35, 14, 15, 16, 57, 58, 54, 46, 53 नंबर में पानी संकट के हालात हैं। निगम अधिकारियों की मानें तो शिवनाथ नदी तट स्थित इंटकवेल के सायफन में कचरा फंसने से दिक्कत बढ़ी है। इसके अलावा मालवीय नगर में वाल्व फटने से वार्ड-16 में पेयजल आपूर्ति ही नहीं हो पा रही है।



### वाल्व का मेंटेनेंस कराया, इंटकवेल से कम पानी आ रहा

मालवीय नगर चौक पर वॉल्व का मेंटेनेंस कराया गया है। 18 जगहों पर लीकेज को लेकर मेंटेनेंस कराए जाने निविदा प्रक्रिया की जा रही है। इंटकवेल के सायफन में जलकुंभी और अन्य कचरा फंसने की वजह से कुछ वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।
- **लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

### पानी के नाम पर करोड़ों फूंक दिए, फिर भी शहर प्यासा

बता दें कि पानी के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। सर्वप्रथम जल आवर्धन योजना फेज-1 पर करीब 50 करोड़ रुपए खर्च किया गया। इसमें 24 एमएलडी का फिल्टर प्लांट तैयार किया गया। इसके बाद वृहद पेयजल योजना फेज-2 में 87 करोड़ रुपपए खर्च किए गए। योजना में बाद में एक्सटेंशन भी लिया गया। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उसका उद्घाटन किया गया। योजना के तहत 42 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट बना। वर्ष 2019 में अमृत मिशन योजना के तहत शहर में 152 करोड़ में नई पाइपलाइन बिछाई गई। इसके अलावा नलघर में 11 एमएलडी का फिल्टर प्लांट भी रन किया जा रहा है। इस प्रकार करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### गड़बड़ी : अमृत मिशन योजना में एक ही जगह से गुजार दी दो-दो पाइपलाइन

जानकारी के मुताबिक शहर के कई हिस्से ऐसे हैं, जिनमें अमृत मिशन योजना में जमकर गड़बड़ी की गई। पद्मनाभपुर, दीपक नगर, न्यू दीपकर नगर, मोतीपारा, पोटिया, बोरसी क्षेत्र में एक ही जगह पर दो-दो जगहों से पाइपलाइन गुजरी हुई है। दोनों ही जगहों पर पानी की आपूर्ति भी हो रही है। अंतिम बार अमृत मिशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई गई। 152 करोड़ की यह योजना एक साल देरी से शुरू हुई। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक 31 मार्च 2020 तक काम पूरा होना था, लेकिन 2022 तक इस योजना में काम चलते रहा। योजना के अंतर्गत करीब 500 किमी डीआई पाइप बिछाए गए। 6 नई टंकियों का निर्माण किया गया। फेज-1 में बनी टंकियों का मेंटेनेंस भी कराया गया। इसके अंतर्गत 8.60 करोड़ की लागत से 4 टंकियों की स्वीकृति ली गई। इनका निर्माण शक्तिनगर, शनिचरी बाजार, 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट, पद्मनाभपुर में किया गया। 2 अन्य टंकियों के निर्माण के लिए आर्य नगर व तांदुला परिसर में 3.80 करोड़ की लागत से नई टंकियों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी। 2500 से लेकर 1700 किलोलीटर क्षमता की टंकियों का निर्माण किया गया है।

# शिवनाथ नदी में युवक ने लगाई छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



युवक ने शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार की है। पुलिस की तत्परता के बावजूद युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। युवक का नाम शंकर नगर बुद्ध बिहार कॉलोनी दुर्ग निवासी आकाश ताम्रकार 32 वर्ष बताया गया है। युवक के डूबने की खबर लगते ही आरक्षक हरीश राव और श्रीराम ने नदी में उतरकर युवक को बाहर निकाला और तुरंत जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विवाहित है। युवक के आत्महत्या करने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक प्राइवेट काम करता था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# मैनेजर के सिर पर बीयर बोतल फोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### होटल सेंटर प्वाइंट की घटना

होटल मैनेजर के सिर पर बियर की बॉटल से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सद्भावना चौक के पास चिल्ली पेपर बार के पास होटल सेंटर प्वाईंट में मारपीट हो रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मैनेजर नंदन सिंह को आरोपी विशु साहू ने उसके सिर पर बियर की बॉटल से हमला कर दिया। हमले में मैनेजर गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने कृष्णा नगर गणेश चौक सुपेला निवासी आरोपी विशु साहू को पकड़ कर थाना वैशाली नगर लाया गया। पूछताछ करने पर होटल चिल्ली पेपर बॉर में अपने दोस्तो के साथ शराब पीने व खाना खाने जाने की जानकारी दी। बार के कर्मी से म्युजिक के आवाज को बढ़ाने दो से तीन बार बोलने पर भी कर्मी नही बढ़ाया। आक्रोशित होकर होटल के मैनेजर नंदन सिंह के पास जाकर म्युजिक बढ़ाने की बात को लेकर पहुंचा। तुरंत सिर पर आरोपी विशु मैनेजर नंदन के सिर पर बियर की बॉटल से हमला कर दिया।

# सीएम आज शहर में, 5 जगहों पर वाहन पार्किंग के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 18 अगस्त को आगमन हो रहा है। इस दौरान वे विकास कार्यों का लोकार्पण औ भूमिपूजन करेंगे। इसे लेकर पांच जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री 241 करोड़ से होने वाले 66 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार 19 करोड़ के 46 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे पहुंचेंगे। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव करेंगे।



विशेष रूप से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

# आर-1 के शिक्षक से 8.21 लाख की ठगी

**भिलाई।** शिक्षक से बीस प्रतिशत लाभांस का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 9 स्मृति नगर निवासी अमित श्रीवास्तव के मोबाइल पर अज्ञात वाट्सअप नंबर धारकों ने एएमसी कंपनी एन.जे. ग्रुप में रकम निवेश करने पर 20 प्रतिशत तक का लाभांश का झांसा देकर 8.21 लाख रुपए का ठगी किया। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पीड़ित अमित रूंगटा कॉलेज आर-1 कुरूद रोड भिलाई में शिक्षक है। अज्ञात ने पहले पीड़ित के मोबाइल पर ग्रुप मैसेज आया, जिसमें वाट्सअप चैटिंग पर एएमसी कंपनी एनजे ग्रुप में रकम निवेश करने को कहा गया। आरोपी मोबाइल धारक ने लाभांश का मैसेज भेजने के बाद भरोसे के लिए एचएनआई एकाउंट का प्रमाण पत्र भेजा।उक्त कम्पनी में रकम निवेश करने पर 5 प्रतिशत का लाभांश मिलने का भरोसा दिलाया। तब पीड़ित ने 1 जुलाई को पंजाब नेशनल बैंक स्मृतिनगर के खाते से अलग-अलग समय पर 8.21 लाख रुपए ट्रांसफर किया। रुपए भेजने के बाद भी पीड़ित को किसी भी प्रकार का लाभांस नहीं मिला।

## वायशेप ब्रिज पर अनियंत्रित कार पलटी, ट्रैफिक रहा जाम

**दुर्ग।** रायपुर नाका स्थित वायशेप ब्रिज पर रविवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अनियंत्रित कार सीजी 07 सीआर 3004 पल गई। हादसे के बाद सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को सीधा किया गया। ब्रिज से बाहर लाकर बीआईटी कॉलेज के पास खड़े कराया गया। बताया गया है कि कार संतराबाड़ी निवासी येशु साहू चला रहा था। हादसे में चालक को सामान्य चोटें आई हैं।











# जेल तिराहा से मिनिमाता चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क, जल्द होगा टेंडर

## विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर शासन से मिली 40 करोड़ रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जेल तिराहा से पुलगांव मिनिमाता चौक तक 4.75 किमी फोरलेन सड़क बनाने शासन से 28 करोड़ 57 लाख की स्वीकृति मिल गई है। इसी प्रकार यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 12 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार की यह पहली स्वीकृति है जिसे विधायक गजेन्द्र यादव पहल से दुर्गवासियों को मिली है। विधायक गजेन्द्र यादव के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाना इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के अनुसार स्वीकृति राशि जारी होने के बाद शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

### आवागमन को बेहतर बनाने का है प्रयास

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। जेल तिराहा से महाराजा चौक, महाराजा चौक से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क को फोरलेन बनाया जाना है। विधायक गजेन्द्र यादव ने बीते माह पीडब्लूडी एवं सेतु के एसडीओ और इंजिनियर की टीम के साथ पुलगांव नाला के नये पुल, पोटिया चौक पर ब्रिज निर्माण और जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगाँव तक हेतु वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसका नापजोख कर ले आउट तैयार कर प्रस्ताव भेजे थे जिस पर शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है।



### प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे शहर में विकास कार्य

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क फोरलेन जाना है। जनता के मांग अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किये जा रहे है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलगांव तक यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और समस्त केबिनेट मंत्रियों का दुर्ग की जनता की ओर से आभार जताये है।

## खबर संक्षेप



### ठेठवार समाज ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज दुर्ग नगर द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव ठेठवार सामुदायिक भवन राजीव नगर में यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पूजा पाठ कर मनाया गया। कार्यक्रम में गुरूजी कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव,राधेलाल यादव, संजय यादव,करण यादव,महेश ठेठवार, आशीष यादव, ऋषि यादव, तिलक यादव सहित बड़ी संख्या में दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

### दुर्ग के जैन परिवार ने दी नेत्रदान की सहमति



**दुर्ग।** भोमियाजी मोबाईल एवं नमन फूड प्रोडक्टस के संचालक गौतम जैन एवं मनीष जैन की माता गवलीपारा निवासी जतन बाई चौरड़िया (गंडई, दुर्ग) (76 वर्ष) के निधन के पश्चात उनके नेत्रों का दान किया गय। जतन बाई के परिवार की ओर से गौतम जैन, मनीष जैन ,शोभा जैन, मेधा जैन, मधु जैन, पुष्पा नाहटा, मनीषा, ममता, संगीता, सिद्धार्थ, विशाल, मनन ने नेत्रदान की सहमति दी। परिवार की सहमति मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, राजेश पारख, प्रभुदयाल उजाला श्री जैन के गवलीपारा निवास पहुंचे एवं नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। मध्य रात्रि श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर एवं नेत्र बैंक प्रभारी विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया।

## बीएसपी : उत्पादन को छोड़कर कर रहे हर काम, मेन पावर किल्लत से चुनौतियां बढ़ी

# ठेका मजदूरों पर बढ़ी निर्भरता, अल्प वेतन और कम सुविधाओं में लिया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर सिमटने का चौतरफा नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों और ठेका मजदूरों पर वर्कलोड के साथ प्लांट की बड़ी चुनौतियों का भी सामना करने में दिक्कतें आ रही हैं। इस मामले में उच्च प्रबंधन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। यूनियनों द्वारा जल्द कर्मियों की भर्ती और ठेका मजदूरों की सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल में लंबे समय से कर्मियों की भर्ती बंद है। इसका सबसे ज्यादा असर भिलाई इस्पात संयंत्र पर पड़ रहा है। सेल का सबसे बड़ा संयंत्र होने के कारण यहां से कंपनी व सरकार को सबसे अधिक अपेक्षाएं भी हैं। लेकिन इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यहां पर्याप्त मेन पावर नहीं है। पिछले कई साल से भर्ती नहीं होने और हर महीने पचास से 70 कर्मचारी अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने से धीरे धीरे प्लांट की मिलें, शाप्स और अनुभागों में मेन पावर सिमटते जा रहा है। कंपनी नियमित मेन पावर की किल्लत की भरपाई ठेका मजदूरों से करने की कोशिश कर रहा है। नतीजन श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में मजदूरों की तादाद 25 हजार पहुंच चुकी है। जबकि नियमित कर्मी मात्र 12 हजार व अधिकारी ढाई हजार बच गए हैं। इसके चलते नियमित कार्मिकों के साथ मजदूरों पर भारी वर्कलोड बढ़ रहा है। वर्क्स और नान वर्क्स दोनों क्षेत्रों में ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ रही है। प्लांट के अंदर कई अनुभागों, मिलों व शाप्स आदि में बहुत कम कर्मी हैं, जो सुपरविजन की स्थिति में हैं, बाकी काम मजदूरों के भरोसे चल रहा है। यूनियनों के मुताबिक मेन पावर के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। ठेकेदार अकुशल व अर्धकुशल मजदूरों को काम पर लगा दे रहे हैं। वहीं निष्पादन और एक्सापांशन प्रोजेक्ट आदि चुनौतियों के पूर्ण करने में भी दिक्कत आ रहा है।

### भर्ती है बंद, रिटायर हो रहे हर माह 75 कर्मचारी, बढ़ रहा वर्कलोड



#### आउटसोर्स का कस रहा शिकंजा

बीएसपी में तेजी से आउटसोर्स का शिकंजा कस रहा है। प्लांट के अंदर मेंटेनेंस, क्लीनिंग, कई मिलों की टेक्निकल एडवाइज और लोको, टाउनशिप में उद्यानिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, मैत्रीबाग, मीटर, रीडिंग,अधिकारियों की कारों का संचालन आदि आउटसोर्स पर है। आने वाले समय में कुछ और विभागों को ठेके पर दिए जाने की तैयारी चल रही है।

#### प्रबंधन भारी भरकम वेतन व सुविधाएं वाले नियमित कार्मिकों की बजाए ठेका मजदूरों को भविष्य मान रहा

सेल व लोकल प्रबंधन ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ा कर उनका भरपूर उपयोग तो कर रहा है। लेकिन उनका वेतन और सुविधाएं अल्प हैं। ठेका मजदूर यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि जिस हिसाब से ठेका मजदूर बढ़ाए जा रहे हैं, मानकर चलिए कि प्रबंधन भारी भरकम वेतन व सुविधाएं वाले नियमित कार्मिकोंकी बजाए ठेका मजदूरो को ही प्लांट का भविष्य मान रहा है। लेकिन उन्हें पर्याप्त वेतन व सुविधाएं नहीं दे रहा है। ठेका मजदूर को एस-11 के कर्मी के बराबर वेतन व बोनस की मांग अब तक पूरी नही हुई। प्रबंधन को मजदूरों वेतन समझौता जल्द करना चाहिए।

# सक्रिय योगदान के लिए कार्यकर्ता हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शनिचरी बाजार स्थित राजीव भवन में अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ अभियान में योगदान के लिए कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर संविधान बचाने की मुहिम में जिन पंचायत, वार्ड, ब्लॉक, जिला के युवा कॉंग्रेस पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई, उन्हें सम्मानित किया गया।

■ 00000000

कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय जावेंद्र बंजारे एवं प्रदीप पाटिल श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संविधान के सिपाही सम्मान में समस्त युवा कॉंग्रेस के पदाधिकारियों को संविधान की एक प्रति भेंट की गई। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सरस्वती रात्रि, पूर्व जनपद सभापति ज्ञानेश्वर मिश्रा, गुरदीप सिंह भाटिया ने दुर्ग जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की खूब सराहना की। कार्यक्रम में 500 से अधिक की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख ने किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो आवाज बुलंद की है, उसे कांग्रेस हर कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाने कटिबद्ध है। बिहार में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के समर्थन में पोस्टर का विमोचन करके वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजीव नेताम, नजरुल खान, दीक्षा पांडे, प्रेम प्रकाश पांडे, डेविड चंद्राकर, अमित सिंह राजपूत, फिरोज खान, आकाश सेन, धर्मेश देशमुख, अहमद चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# साइबर क्राइम रोकने निकली जागरुकता रैली, 1930 नंबर की दी जा रही जानकारी

## पुलिस कंट्रोल रुम से झंडी दिखाकर रथ को किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टिवनसिटी से साइबर जागरुकता रथ पुलिस कंट्रोल से निकाली गई। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने रथ को झंडा दिखाया। आयोजन एसबीआई और दुर्ग पुलिस का है।

■ धोखाधड़ी से बचने लोगों को किया जा रहा जागरूक

रथ जिले के पांच चिन्हित क्षेत्रों से दुर्ग रेलवे स्टेशन, सुपेला मार्केट, बस स्टैंड दुर्ग, सिविक सेंटर, नेहरू नगर पहुंची। जहां नुक्कड़ नाटक ऑडियो - विजुअल वन और साइबर वार्ताओं के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी,साइबर अपराध की जानकारी दिया।

इन अपराधों से बचने की भी जानकारी दी गई। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी,प्रबंधक एसबीआई रूपक कुमार मंडल भी मौजूद थे। रथ निकालने का उद्देश्य डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं होंने देने रथ निकाल कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आयोजन से बड़ी संख्या में जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा सकेगा।




एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता रथ के आयोजन की सराहना किया। उन्होंने कहा कि समय में साइबर ठगों द्वारा अलग-अलग तरीको से सायबर अपराधों हो रहा है। जागरूकता के अभाव के कारण ही आम जन सायबर ठगी का शिकार हो रही है। है। मौके पर मुख्य प्रबंधक एसबीआई सेक्टर 1 निशेष कश्यप, मुख्य प्रबंधक देव रंजन मिश्रा समेत पुलिस अधिकारी, कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शरद बैस ने किया।

# 16 हजार एनएचएम कर्मी रहेंगे आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले जाएंगे। सभी कलेक्टर,सीएमएचओ, सीएस, बीएमओ को आंदोलन में जाने की सूचना पहले ही दी जा चुकी है। दुर्ग के 850 कर्मचारियों सहित पूरे प्रदेश के 16000 से ज्यादा एनएचएम कर्मचारी होगे इस आंदोलन में शामिल होंगे।

■ जिला प्रशासन को आंदोलन करने की दी सूचना

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तक प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन करने का निर्णय लिया हैं। उन्होने बताया कि 15 अगस्त को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया जिससे कर्मी नाराज हैं। एनआईसीयू सहित आपातकालीन सेवा भी बंद करने की जानकारी दे दी है।**इन सेवाओं को प्रभावित करने का**

### ये हैं एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगें, जानिए

संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण,कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27% प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा,. स्थानांतरण नीति, और न्यूनतम 10 लाख कैसलेश चिकित्सा बीमा।

**निर्णय** : दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि 20 साल से राष्ट्रीय कार्यक्रम टीकाकरण, टी.बी., पोषण पुनर्वास, चिरायु जांच, डी.ई.आई.सी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, में ओपीडी से लेकर इस बार जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल सुपेला में आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय संघ द्वारा लिया गया है जिससे दुर्ग समेत पूरे प्रदेश में करीब 6239 स्वास्थ्य सेवाओं में कार्य प्रभावित होगा,जिसमे आपातकालीन सेवाएं सम्मिलित है।

# मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देकर किया सम्मानित

**भिलाई।** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा भिलाई जीई रोड शाखा में डॉ अंबेडकर केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत बैंक द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति की पांचवीं से सातवीं और आठवीं से दसवीं की मेधावी छात्राओं को क्रमशः रुपए 3000 और रुपए 5000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम में भिलाई के आस पास के लगभग 80 छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन थे। विशेष रूप से प्रभा राव टीआई भिलाई उपस्थित रहीं। केनरा बैंक की ओर क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक एसके शुक्ला, मंडल प्रबंधक राहुल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। एसके शुक्ला ने सभी छात्रों को अच्छी शिक्षा अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में उच्च शिक्षा के लिए उन्हें सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। रिकेश सेन ने मेधावी एससी/एसटी छात्राओं के कल्याण हेतु इस योजना के कार्यान्वयन में केनरा बैंक के पहल की सराहना की।



# बीएसपी साइकिल क्लब ने निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वतंत्रता दिवस पर बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग और बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के तत्वावधान मे साइकिल रैली का आयोजन निकली। 75 बच्चों के साथ आयोजन संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। साइकिलिंग की। साइकिल रैली स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र, सेक्टर-10 से शुरु होकर मिराज सिनेमा होते हुए प्रगति भवन सिविक सेंटर में समाप्त हुई। साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि यह सायकल रैली भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले सेनानियों एवं शहीद जवानों के याद में आयोजित किया गया है। इस आयोजन से हम भिलाई बिरादरी को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन तथा स्वयं के स्वास्थ्य के लिए जागरूक करते हुए स्वच्छ भिलाई, सुंसद भिलाई का संदेश दिया। महासचिव परविंदर सिंह, दुर्ग जिला सायकल पोलो संघ के सचिव शशांक देशमुख, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा, पकेके यादव आदि मौजूद थे।



## घर-घर जन्मे कान्हा, देर रात विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

# बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी, दही लूट के दौरान फोड़ी मटकी, आज भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की, विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता किरण यादव, सुश्री रुचि अग्रवाल , सुश्री राजेश्वरी यादव के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से उदय तक के भैया ,बहनों ने भाग लिया। इनके निर्णायक डॉ शांति शर्मा सहसचिव सरस्वती शिक्षा समिति तथा विद्यालय के प्राचार्य कृपा शर्मा थीं। विजेता भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में राधा कृष्ण रास नृत्य, देशभक्ति नृत्य प्रभजीत कौर भाटिया दीदी के मार्गदर्शन में तथा दिवस पाली में राधा, कृष्ण नृत्य नाटिका, राऊत नृत्य तथा देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति पूर्णिमा भौमिक दीदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृतिक प्रमुख पूर्णिमा भौमिक ने किया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में दही लूट का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात भगवान कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, दिलीप गुप्ता सदस्य, वरिष्ठ सदस्य श्याम सुंदर खंडेलवाल, अनिल गौतम, राजेश यादव, रोहिणी पाटणकर, प्रकाश कानाबार तथा दुर्ग विभाग के विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू सहित अभिभावक, आचार्य एवं दीदियाँ उपस्थित थे।

■ दही लूट के साथ कार्यक्रम का समापन




### स्कूल के स्काउड गाइड ने किया पथ संचलन



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह घोष दल, स्काउट गाइड, रेड क्रॉस एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, जय घोष करते हुए पथ संचलन राधिका सिन्हा दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद कुमार रुंगटा द्वारा दीप प्रज्वलन करने के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# उरला में मना कोसरिया अहीर यादव समाज का स्थापना दिवस

**दुर्ग।** उरला में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज ने अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। यादव प्रमुखों के साथ दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने अहीरानियों के साथ राऊत नृत्य कर गोठान में कदम वृक्ष का रोपण किया। विधि विधान से जगतगुरु भगवान कृष्ण की आदम कद प्रतिमा की पूजा की। यादव समाज की मांग पर स्व. राधा बाई यादव के नाम पर धमधा नाका एफसीआई गोदाम के पास तीजहारिन चौक और आदमकद प्रतिमा स्थापित की घोषणा की गई। आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, उपाध्यक्ष विष्णु यादव, गहिरा गुरु राजेश यादव, चंद्रहास यादव यादव, विजय यादव, पवन यादव, ललित यादव, नारायण यादव, मनीष यादव, गोविंदा यादव, नारायण यादव सहित अन्य मौजूद थे



## खबर संक्षेप



### प्राइमरी-मिडिल स्कूल में कराया न्योता भोजन

**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला उरला बीएमवाई में हरीश साहू ने अपने विशेष दिन पर सभी बच्चों को अंकुरित अनाज खिलाकर न्योता भोजन कराया। हरीश साहू शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैं। साथ ही शाला में होने वाले रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के कराटे मास्टर भी हैं। इस अवसर पर प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार वर्मा, शिक्षक संतोष नेताम, मोनिका राय, फरीद बक्स, महेश राम साहू, लक्ष्मी नारायण बंजारे, राकेश देवांगन, शिल्पा देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**पाटन।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा पाटन मंडल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की भाले के निवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रानी बंछोर मंडल अध्यक्ष, भाजपा पाटन मंडल योगेश निक्की भाले अध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन केवल देवांगन सभापति, नगर पंचायत पाटन निशा सोनी उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन विजय कांत बंछोर सोशल मीडिया प्रभारी, सागर सोनी ,हर्ष भाले ,बाबा वर्मा ,योगेश सोनी ,जित्तू निर्मलकर ,नेहा वर्मा ,केशव वर्मा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### गीता देवी सिंह

**उतई।** बस स्टैंड डूमरडीह उतई निवासी गीता देवी सिंह 63 वर्ष का निधन 15 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उतई मुक्तिधाम में किया गया। वे बबल किशोर सिंह, नवलकिशोर सिंह, राजू सिंह की मां थीं।



### वंदना सिंह

**भिलाई।** शिक्षक नगर नूतन चौक भिलाई-3 निवासी वंदना सिंह 35 वर्ष का निधन 17 अगस्त को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 अगस्त को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से स्थानीय एकता नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह के छोटे भाई मुकेश सिंह उर्फ चुन्नू की पत्नी, आदित्य सिंह की मां एवं अभिषेक सिंह की चाची थीं।



## स्वतंत्रता दिवस : शहीदों की कुर्बानी को किया याद,एकता और भाईचारे का दिया संदेश

# ट्विनसिटी सहित गांव-गांव में शान से लहराया तिरंगा

*ट्विनसिटी सहित जिले में देश की आजादी की 79 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेजों और विभिन्न संगठनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। लोगों ने देश के लिए कुर्बान शहीदों के योगदान को याद करते हुए देश की एकता और भाईचारे को बरकरार रखने का आह्वान किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### सीआईएसएफ में लहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केऔसब तृतीय आरक्षित वाहिनी मुख्यालय भिलाई में ध्वजा रोहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक कैऔसुब दया शंकर थे। अतिथि द्वारा झंडा वंदन किया और वाहिनी के जवानों द्वारा तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी। मौके पर सहायक उप महानिरीक्षक केऔसुब हनीफ मोहम्मद, कमांडेंट शनि कुमार भट्ट,मुख्य चिकित्सा अधिकारी भिलाई डॉ मोहम्मद हुसैन आदि मौजूद थे।



### रूंगटा यूनिवर्सिटी में फहराया तिरंगा



**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। यूनिवर्सिटी के कुलपति संतोष रूंगटा ने ध्वजारोहण किया। यूनिवर्सिटी की सालाना मैग्जीन बिकन का विमोचन किया गया। इस दौरान संस्थान के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, रजिस्ट्रार व डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाजुद्दीन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. मनोज गर्वीस, डॉ. संजीव शुक्ला और नीमा एस बालन मौजूद रहे।

### रिसाली निगम में ध्वजारोहण



**भिलाई।** रिसाली निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थान पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के सानिध्य में किया गया। सभी देश एवं प्रदेशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

### कर्मा विद्यालय भिलाई में लहराया तिरंगा



**भिलाई।** कर्मा विद्यालय भिलाई एनआर साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, हरिद्वारिका प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ, खेद राम साहू अध्यक्ष साहू मित्र सभा धनसाय साहू अध्यक्ष कर्मा विद्यालय भिलाई, कबीर साहू समाजसेवी टीकाराम साहू आदि मौजूद थे।

### पटेल चौक दुर्ग में शान से लहराया तिरंगा

**दुर्ग।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुर्ग कचहरी पटेल चौक पर सेवांजली सेवा संगठन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। भाजपा नेता संदीप जैन ,रजा खोखर, मनोज अग्रवाल, जवाहर जैन, विनोद वाघ , विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।



### शंकरा विद्यालय में ध्वजारोहण

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय के सचिव एस. स्वामीनाथन ने ध्वजारोहण किया।



### अजेय भारत संगठन ने लहराया तिरंगा

**दुर्ग।** सामाजिक सेवा संगठन अजेय भारत द्वारा कसारीडीह चौक में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समारोह की मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर संजय दुबे व अन्य गायकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।



### गुरुनानक स्कूल में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति

**भिलाई।** गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6, भिलाई में स्वतंत्रता दिवस मनाया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सेक्टर 6 भिलाई के अध्यक्ष सरदार गुरुदेव सिंह एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण थे।



### स्वतंत्रता दिवस मनाया



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं ने समर्पण गतिविधि के अंतर्गत ब्लाइंड स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया।

### शान से फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में ट्रस्टी प्रमुख डॉ. हीरालाल साहू, रामाधार साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार साव, कोषाध्यक्ष के पी साहू , सलाहकार वाई एन पटेल, ट्रस्टी सचिव प्रेमा दास, सदस्य रमेश जंघेल आदि उपस्थित रहे।



### भूमिहार ब्राह्मण समाज ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई।** भूमिहार ब्राह्मण समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। झंडोत्तोलन समाज के महासचिव मधुसूदन शर्मा ने किया। इस अवसर समाज के लोग उपस्थित थे। सभी ने आजादी की वर्षगांठ की बधाई दी और शहीदों की कुर्बानी को याद किया।

### सेक्टर 6 में ध्वजारोहण



**भिलाई ।** स्वतंत्रता दिवस पर सेक्टर 6 सड़क 13 मैदान में मजदूर नेता गजेंद्र सिंह के निवास के पास ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर एचएस मिश्रा, अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद,पार्षद देवेंद्र यादव, पत्रकार वरिष्ठ ईवी मुरली, श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह, भिलाई व्यापारी संघ के अध्यक्ष केएन प्रेमनाथ, रामनारायण सिंह, अभयराज सेन, जोगेंद्र ठाकुर, अनु कुमार आदि उपस्थित थे।

### पौधारोपण किया

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई आरोग्य भारती टीम ने 15 अगस्त को सनराइज वुमन क्लब के सहयोग से ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर आरोग्य भारती की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, गीता पांडे, वीना माहूले, आशा त्रिपाठी, आशा तिवारी, अंजू सिंह, साधवानी जी, पाठक जी, अनुप्रिया अपाले और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### शान से किया झंडारोहण



**दुर्ग।** दुर्ग जिला निषाद समाज कार्यालय पुलगांव में स्वतंत्रता दिवस झंडारोहण 79 वर्षगांठ मनाया गया। जिसमें जिला के पदाधिकारी जिलाअध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद, ओमप्रकाश निषाद, खिलावन केवट, विष्णु निषाद आदि उपस्थित थे।

### सीमा सुरक्षा बल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई।** भिलाई स्थित सामरिक मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालय के जवानों एवं अधिकारियों ने79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ के उप महानिरीक्षक (पीएसओ) गिरधारी लाल मीणा ने सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय रिसाली भिलाई में ध्वजारोहण किया।

### डीएवी मॉडल स्कूल में ध्वजारोहण

**दुर्ग।** डीएवी मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल, दुर्ग में 79 वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरेजी एवं डी. ए. व्ही मॉडल कॉलेज की प्राचार्या डॉ पुष्पा पांडे प्रभारी उशा साहु उपस्थित थें ।



### कर्मचारी नगर में स्वतंत्रता दिवस



**दुर्ग।** महामाया बुद्ध विहार कर्मचारी नगर में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में समिति की पदाधिकारी, उपासक-उपासिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। भिक्षुणी प्रव्रज्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### केन्द्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज के खुर्सीपार स्थित केन्द्रीय कार्यालय में ध्वजा रोपण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी थे। मौके पर महासचिव टीके निहाल, कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, संरक्षक कृष्णा सोना, भिलाई-दुर्ग अध्यक्ष पुरनचंद्र नायक, शंकर निहाल, महिला विंग अध्यक्ष जयंती महानंद, खुर्सीपार अध्यक्ष किशोर मोंगराज, दया निधि विभार, रतन तांडी मनोज दुर्गा, मंटू, चितरु, आनंद विभार,अर्जुन विभार, चिंतामणी, उमेश दीप,टेकचंद सेठिया,मुरली और राजेश्वर नाग आदि मौजूद थे।



### विधायक व मंडल अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई।** स्वतंत्रता दिवस पावन अवसर पर वार्ड 29 में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर ने ध्वजा रोहण किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक रोमनाथ वर्मा,पार्षद चंद्र प्रकाश पांडे, मंडल महामंत्री राजेश मौर्य मंडल, महामंत्री पूर्णिमा ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष सनातन ठाकुर, जी राम रेड्डी, जय प्रकाश पाण्डेय, राजीव चौबे आदि लोग मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय परिसर में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस पर बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं इस अवसर पर प्रधान कार्यालय दुर्ग एवं शाखा दुर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों उपस्थित थे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके जोशी, रमाकांत द्विवेदी पूर्व संचालक, बैंक अधिवक्ता एसपीअग्रवाल एवं सुधीर तिवारी एसके निवसरकर आदि थे।

### केएच ग्रुप ऑफ स्कूल में स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई।** केएच ग्रुप ऑफ स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह, गर्व और जोश से मनाया। ग्रुप द्वारा संचालित सभी स्कूलों में चेयरमैन के.के. झा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों और नृत्य से सभी में जोश भर दिया।

### पंचशील पंजाबी समाज में दिखा जज्बा

**भिलाई।** पंचशील पंजाबी समाज पंजाबी पैलेस, सेक्टर -5, भिलाई में पंचशील पंजाबी समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में सभा के सदस्यों, पूर्व कार्यकारिणी और नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। नरेश खोसला, आर सी ओबेराई और अजय भसीन ने अपने विचार व्यक्त किए।



### महिला चेम्बर भिलाई की प्रस्तुति



**भिलाई।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीराम चौक में माँ भारती की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसकी जिम्मेदारी महिला चेंबर की टीम ने निभाई। इस कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद भोजराज सिन्हा ,उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता,प्रदेश उपाध्यक्ष करमजीत बेदी समन्यक सुनील मिश्रा एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।

### शान से फहराया तिरंगा झंडा




**सेलूद।** ग्राम सेलूद स्वतंत्रता दिवस की धूमधाम से मनाया गया। चौक चौराहे में झंडारोहण किया गया। पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने संबोधित किया। इस अवसर पर सुकृतदास शास्त्री जी साहित्य वेदान्ताचार्य कबीर आश्रम सेलूद सरपंच ग्राम पंचायत सेलुद खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, पूर्व सरपंच खेमिन साहू, नंदकुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक साहू ने फहराया तिरंगा

**अंडा।** जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल में 79वां स्वाधीनता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने नगर में प्रभातफेरी निकालकर जोशीले नारों से ग्रामीणों के बीच देशभक्ति का उत्साह जागृत किया। इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. दयाराम साहू ने कहा कि "स्वाधीनता दिवस सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान का स्मरण है।



### विधि जनसेवा संस्थान ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई।** नेहरू नगर भेलवा तालाब में विधि जनसेवा संस्थान ने तिरंगा लहराया, राष्ट्रगान गूंजा और देशभक्ति के जयकारों से माहौल गूंज उठा। इस दौरान वार्ड 4 की पार्षद चन्देश्वरी बांधे, बिस्वजीत मजूमदार, संजय मयंक, माधव राव पाटिल, प्रदीप चक्रवर्ती, सजल साहा, ओम प्रकाश शर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, मुकेश गुप्ता, विनोद बंसल, सुनील माते, पुष्पा रानी मजूमदार, सरिता देवी, सुमिता साहा, नीलिमा माते आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।





# यादव समाज ने धूमधाम से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी, पूर्व गृहमंत्री साहू हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई



ग्राम डुंडेरा में ग्रामीण यादव समाज के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित की गई,इस मौके पर समाज द्वारा ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई और श्री राधा कृष्ण के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे,अध्यक्षता यादव समाज के अध्यक्ष मोहन यादव महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गायत्री यादव ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर,पवन बंजारे, राजेन्द्र यादव, उपस्थित हुए।मुख्यातिथि ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारीयो को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती है और लोग अपने सांस्कृतिक विरासत से जुड़ पाते हैं।भगवान श्री कृष्ण ने हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनकी शिक्षाएं हमें सत्य,न्याय,और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।कार्यक्रम को राजेन्द्र यादव ने अपने स्वागत भाषण में ग्राम डुंडेरा में राधा कृष्ण जी की भव्य मंदिर निर्माण के किये पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया,इस दौरान यादव समाज द्वारा पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मोहन यादव, गायत्री यादव,टीलेश्वरी यादव, छन्नू यादव, शत्रुहन यादव, शीतल, मुन्ना, बिशहत यादव आदि उपस्थित थे।

# संदेश यात्रा में पंथी नृत्य, भजन मंडली व अखाड़ा दल के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

महासंगठन अखिल भारतीय सतनाम सेना और सतनामी समाज पाटन द्वारा गुरु बालक दास साहेब की जयंती के अवसर पर शनिवार को गुरु दर्शन एवं सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई । यह यात्रा भिलाई से होते हुए उतई , सेलूद से होकर पाटन पहुंची। रास्ते में यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गया साथ ही गुरु का आशीर्वाद लिया। गुरु दर्शन एवं सतनाम संदेश यात्रा पाटन पहुंची तो पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले अपनी पूरी टीम के साथ सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत किया । साथ ही यात्रा में चल रहे गुरु सौरव साहब प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अखिल भारतीय सतनाम सेवा का उन्होंने आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान यात्रा के साथ-साथ अखाड़ा दल सतनाम भजन मंडली, पंथी नृत्य मंडली के कलाकार अपनी प्रस्तुति दिए। स्वागत के बाद यात्रा सीधे सतनाम भवन पाटन पहुंची यहां पर गुरु गद्दी जैतखाम का पूजार्चना किया गया।इस यात्रा में गुरुजी का आशीर्वाद लिया। राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालकदास साहेब की जयंती पर अखिल भारतीय सतनाम सेना एवं सतनामी समाज पाटन द्वारा आयोजित सतनाम संदेश यात्रा एवं गुरु दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस अवसर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बन्छोर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी सभापति केवल देवांगन योगेश सोनी केशव बन्छोर नरायण वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, सतनामी समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



■ सतनामी समाज पाटन ने मनाई गुरु बालक दास साहेब की जयंती


नवीन भाजपा
कार्यालय लोकार्पण
कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम विवरण
दिनांक :-
18 अगस्त 2025, दिन - सोमवार
स्थान :-
प्रियदर्शनी परिसर सुपेला, भिलाई
समय :- प्रातः
10:00 बजे से
समय सारिणी
प्रातः 10:00 बजे - वास्तु पूजन
प्रातः 10:30 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रम
दोपहर: 12:30 बजे - ध्वजारोहण एवं लोकार्पण
आयोजक
भारतीय जनता पार्टी, जिला - भिलाई
विनीत – भारतीय जनता पार्टी,
भिलाई जिला पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्तागण
पुरुषोत्तम देवांगन जी
भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129





लोक कलाकारों ने संगीत और नृत्य के साथ सुनाई भरथरी की पौराणिक कथा

## लाइव इवेंट

### सोलो और ग्रुप डांस में लगाए ठुमके, गेम्स में जीता इनाम



**दुर्ग।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज दुर्ग नगर इकाई द्वारा तीज मिलन का आयोजन मनवा कुर्मी भवन शंकर नगर दुर्ग में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने रैंप वॉक करते हुए ग्रुप और सोलो डांस में खूब ठुमके लगाए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर दीप्ति वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष सरिता वर्मा, कृषि महाविद्यालय रायपुर प्रोफेसर अन्नू वर्मा और रिट डीएसपी सविता दास उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा राधा कृष्ण की पूजा अर्चना व समाज के पुरोधा स्वामी आत्मानंद, वल्लभ भाई पटेल, डॉ खूबचंद बघेल के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस दौरान नलिनी वर्मा और सीमा वर्मा ने गजरा लगा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कई मनोरंजक गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी महिलाओं द्वारा किये गए। फ्री हाऊजी गेम में प्रथम सुशीला नायक, द्वितीय अर्चना वर्मा और तृतीय स्थान पर सीमा वर्मा विजेता रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में किरण वर्मा, लता वर्मा, तुलसी वर्मा और सुशीला नायक ने समूह नृत्य और सविता वर्मा, सीमा वर्मा ने एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में जोश भर दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर इकाई के महिलाओं की सक्रियता करते हुए उन्हें आगे बढ़कर समाज हित में सेवाकार्य करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा मंडरिक और आभार प्रदर्शन इकाई अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व महिला केंद्रीय अध्यक्ष प्रेमलता मढ़रिया, संरक्षक अन्नपूर्णा मढ़रिया, किरण वर्मा, सविता वर्मा, जानकी वर्मा, विक्टोरिया वर्मा, दुलारी वर्मा, अनुसुइया वर्मा, मीना वर्मा, नीता वर्मा, कामिनी वर्मा सहित समाज की महिलाएं काफी अधिक संख्या में उपस्थित रही।

## सिटी इवेंट

### युवतियों और महिलाओं को दी स्वतंत्रता की सीख, निःशुल्क बांटे सैनेटरी पैड



**भिलाई।** महिलाओं और युवतियों को पीरियेड्स और स्वास्थ के प्रति जागरुक करने के लिए अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा आजादी के पर्व को सेलिब्रेट करते हुए सेनेटरी पैड वितरित किये गए। साथ ही बच्चों को मिठाई और चॉकलेट भी बांटे गए। इस अवसर पर अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद संस्था के सदस्यों द्वारा माया नगर रिसाली क्षेत्र में बच्चों को निशुल्क स्वल्पाहार के लगभग 150 पैकेट का वितरण किये। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को माहवारी के विषय में स्वच्छता और बीमारियों से बचने की जानकारी देते हुए सभी को लगभग 7 सौ नग सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्वतंत्र देश में स्वतंत्र महिला का संदेश देते हुए अध्यक्ष डिंपल कौर ने इस विषय पर बेहिचक और खुलकर डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर माया नगर की पार्षद माया, संस्था के बी बाबू, बलविंदर सिंह, राजेश शर्मा, अमरीक सिंह, संजय शर्मा, परमिंदर सिंह, जशराज सिंह, रमेश शर्मा, विक्रम सिंह, निशु, गंगोत्री सेन, भानबति, मीना, निशा साहू, माया कौर, निखिता कौर, अनिंदर कौर, गगन गोयल, हरिंदर कौर, अनिता साहू ,डिम्पल कौर के आलावा संस्था के छोटे सदस्य, बेबी मनरीत, मास्टर राजवीर सिंह और तक्षवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### यादव समाज का गौरवशाली इतिहास, विधायक ललित ने किया डोमशेड का लोकार्पण

**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली में छत्तीसगढ़ राज यादव ठेठवार समाज भिलाई नगर द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के साथ 10 लाख की लागत से नवनिर्मित डोम शेड लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने फीता काटकर भवन परिसर में नवनिर्मित डोम शेड को यादव समाज को समर्पित किया। साथ ही यादव समाज के नए कार्यकारिणी सदस्यों को नए दायित्व के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी गई। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यादव समाज का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है और समाज के लोग परंपरा को आज भी संजोए हुए हैं। भगवान कृष्ण यादव समाज के आराध्य हैं। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नए दायित्व के साथ अनुभव और योग्यता से समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने प्रोत्सहित किया।

● महेश कॉलोनी में भगवान श्रीराधाकृष्ण का महाभिषेक किया, दर्शन के लिए भक्तों की लगी कतारें

# ट्विनसिटी में बिखरी ब्रजभूमि की छटा, वृंदावन के कलाकारों ने किया महारास, दही लूट की रही धूम

**भिलाई।** जन्माष्टमी के अवसर पर ट्विनसिटी में इस बार ब्रजभूमि की छटा सेक्टर 6 राधा कृष्ण मंदिर में देखने को मिली। जहां मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने पूरे ब्रज का दृष्य और महारास झांकियो और नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। जिसे देख श्रद्धालु भी देर रात तक भक्ति में नाचते झूमते रहे। भादौ मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्य रात्रि को तेज बारिश और तेज बिजली की गड़गड़ाहट के बीच 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्मोंत्सव सभी स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेहरु नगर राधा-कृष्ण मंदिर, ब्रजमंडल, महेश कालोनी दुर्ग, अक्षय पात्र सहित सभी राधा कृष्ण मंदिरों छप्पन भोग लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की गई।








### ब्रजमंडल सेक्टर-6 में कृष्ण झांकी का हुआ अनावरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

ब्रजमंडल सेक्टर 6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया था। इस अवसर पर राधा कृष्ण की मनोहारी झांकी महारास और गाय चराते कृष्ण की झांकी का अनावरण किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम व मध्य रात्रि लाइट व साउंड शो के द्वारा वासुदेव के मथुरा से गोकुल तक सफर और कृष्ण लीला का जीवंत चित्रण किया गया। काफी संख्या में भक्त देर रात तक कृष्ण भक्ति में डूबे रहे। बाल गोपाल के जन्मोत्सव के बाद अब सभी मंदिरों में छठ्ठी के आयोजन की तैयारी चल रही है।



### वृंदावन के कलाकारों ने कराए कृष्ण के ब्रज भूमि के दर्शन

ब्रजमंडल भिलाई में ब्रजवासी के नेतृत्व में मथुरा वृंदावन से आमंत्रित कलाकारों ने मनमोहक लीलाओं की प्रस्तुति दी। स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी कलाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। वेणु नाग के नृत्य निर्देशन में चीरहरण प्रसंग पर मनभावन नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। ब्रजमंडल भिलाई की वार्षिक स्मारिका का विमोचन वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, विद्युत मंडल के चीफ इंजीनियर संजय खंडेलवाल, बीएसपी के विपिन गिरी आदि ने किया।




### 51 विग्रहों का किया महाभिषेक चढ़ाया छप्पन भोग का प्रसाद



**भिलाई।** महेश कॉलोनी दुर्ग के राधाकृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। जन्माष्टमी की सुबह प्रभातफेरी के बाद भगवान की मंगला आरती हुई। सैकड़ों भक्तों ने भगवान लड्डु गोपाल के लगभग 50 से ज्यादा विग्रहों का महाभिषेक किया। प्रभु को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को इस बार विशेष रूप से कलाकारों ने वृंदावन की तरह ही सजाया था। मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, मयूर पंख के पोस्टर विशेष रूप से लगाए गए थे। इसके अलावा मंदिर को भिन्न-भिन्न प्रकार के फूलों और पत्तियों के माध्यम से सजाया गया था, जो लोगो में आकर्षण का केंद्र था। संपूर्ण वातावरण कृष्णमय हो गया था। रात 8.30 बजे से प्रसिद्ध भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें भक्त झूमते रहे। रात 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। महाआरती भी की गई। पंजरी, माखन मिश्री को प्रसाद बांटा गया। इसके अलावा दोपहर में मंदिर परिसर में छठवें दिन रामायण का पाठ जारी रहा। वहीं विद्वान पंडितों द्वारा श्री विष्णु महालक्ष्मी यज्ञ में आहुतियां समर्पित की जाती रही। दर्शन के लिए आए हजारों भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी लगाई।

### बच्चों ने की मनभावन लीला, मटकी फोड़ मनाया उत्सव



दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका में कृष्ण जन्मोत्सव पर बच्चे राधा और कृष्ण के रुप में श्रृंगार कर स्कूल पहुंचे। बाल कृष्ण, राधा और गोप गोपियों के साथ ही उनकी लीला भी बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से दिखाई गई। इस दौरान खेल का भी आयोजन किया जिसमें नन्हे नन्हे बाल कृष्ण द्वारा मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया था। इस आयोजन में मुख्य रूप से महेश वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, पूर्व पार्षद संजय दानी, स्वीटी कौशिक अध्यक्ष महिला मोर्चा, शारदा गुप्ता, राजेश प्रधान, प्रमिला दुबे, राजेश ओझा, जे पी घनघोरकर, माधुरी वर्मा, अन्नपूर्णा, ममता जागेश्वरी, चित्रलेखा, तिलेश्वरी, गिरजा जंघेल, रोहणी, अनिता शर्मा उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट में मनी जन्माष्टमी



ग्राम तरीघाट पाटन दुर्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कृष्ण और राधा रानी के रूप में नजर आए।कार्यक्रम में राधा कृष्ण प्रतियोगिता, ग्राम भ्रमण रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर युगल किशोर साहू, भूषण साहू, प्रीतम सिन्हा, ललेश्वरी साहू, अमन यदु, शुभ्रकांत ताम्रकार, शाला प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर राम कुर्रे, प्राचार्य देवनारायण साहू, शिक्षक, कर्मचारी, ग्राम के वरिष्ठ सहित पालक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ विद्यालय में अच्छी शिक्षा पद्धति लाने के लिए एलईडी डिजिटल बोर्ड लाने सीबीएन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## सत्य विजय ऑडिटोरियम में रोज म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति

कार्नर न्यूज




# रफी, लता व किशोर के गीतों ने समां बांधा वन्स मोर के साथ दर्शकों की मिली वाहवाही

**भिलाई।** चाहूंगा मैं तुझे शाम सवेरे, करवटें बदलते रहे, तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती, हमसफर मेरे हमसफर, दिल ने फिर याद किया, मुझे तुम मिल गए हमदम, पत्थर के सनम, आंखों ही आंखों में इशारा हो गया, तुझको पुकारे मेरा प्यार और हंसता हुआ मेरा चेहरा सहित सुनहरे दौर के एक से बढ़कर एक गीतों को जब कलाकारों ने पेश किया। तब वन्स मोर,वन्स मोर और तालियों की गड़गड़ाहट से सत्य विजय ऑडिटोरियम गूंज ऊंठा। जहां महान गायकों की याद में म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया था वहीं रफी, लता व किशोर के गीतों पर 40 से अधिक सुरीले नगमों ने समां बांधा रखा। इस्पात नगरी भिलाई को संगीत प्रेमियों की संस्था रोज म्यूजिकल ग्रुप की ओर से संगीतमय प्रस्तुति द लेजेंड्स नाइट का आयोजन सत्य विजय ऑडिटोरियम सेक्टर-5 भिलाई में किया गया। इस संगीतमय संध्या में महान फिल्मी सुरसाधकों लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश चंद्र माथुर सहित सुनहरे दौर के सभी कलाकारों के एक से बढ़कर एक नगमे पेश किए गए। मुख्य अतिथि शहर महापौर नीरज पाल थे। विशेष अतिथि समाजसेवी कैलाश बरमेचा, बीडी निजामी, लतीफ खान, संगीत शिक्षक रफीक अली, अनिल बल्लेवार, राजेश जैन सराफ, हाजी मिर्जा बेग, शारिक अली मन्नी आदि मौजूद थे।




### महान कलाकारों को दी श्रद्धांजलि

आयोजन की शुरुआत में अतिथियों ने फिल्मी पार्श्व गायन के महान कलाकारों दिवंगत मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, किशोर कुमार और मुकेश को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी कलाकारों की सधी हुई प्रस्तुतियों के लिए शुभकामनाएं दी। देर रात तक चली इस सुरमयी संध्या में 40 से ज्यादा सुरीले नगमों की प्रस्तुति हुई। ओ हंसिनी, मेरे मन की गंगा, तारों में सजके, तुझको पुकारे मेरा प्यार और हंसता हुआ मेरा चेहरा सहित सुनहरे दौर के एक से बढ़कर एक गीतों को कलाकारों ने पेश किया।



### गायकों और म्यूजिशियनों ने दी प्रस्तुति

रोज म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों में इन कलाकारों में युसूफ जमाल, सुखबीर सिंह ब्रोका, आरिफ हुसैन, ख्वाजा अजमुद्दीन, संजय लाल, कासिम रायपुरी, शौकत इकबाल, नरेंद्र कुमार ताम्रकार, हुपेंद्र, संजय सिंह, नीतू गोस्वामी, भारती जैन, आरती ठाकुर, सरस्वती चित्रा, शिखा मलिक, सी किरण, बेबी अलीना, बेबी नियति शुक्ला, सचिन सोनवानी रायपुर, रोज म्यूजिकल ग्रुप के मो अली और कमाल अख्तर ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। इन कलाकारों के साथ ऑर्केस्ट्रा टीम में सिंथेसाइजर पर वृंदावन मालिक व संजय सिंह, गिटार पर आशुतोष लांजेवार, ढोलक पर सदानंद चंदेल, इलेक्ट्रॉनिक पैड पर आशुतोष मलिक व दीप और हैंडसोनिक पर उपेंद्र ने संगत की। देर रात तक श्रोता इन गीतों भरी महफिल में मौजूद रहे और कलाकारों की हौसला अफजाई की।

## सिटी इवेंट

### माता की स्मृति में प्रदान की सहयोग राशि, साहू संघ का होगा विस्तार



**भिलाई।** तहसील साहू संघ रिसाली द्वारा इस्पात नगर रिसाली के मां कर्मा भवन में संघ के क्रियाकलापों पर चर्चा करते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने शिरकत की। इस अवसर पर समाज और संघ को आगे बढ़ाने इंद्रजीत दादर ने अपने माता की स्मृति में 11000 तहसील साहू संघ रिसाली को सहयोग प्रदान किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रद्धा साहू जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, संरक्षक विशंभर साहू, तहसील अध्यक्ष संतोष साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जीवनलाल साहू, उपाध्यक्ष तोखराम साहू, उपाध्यक्ष ललित साहू, महासचिव पंचराम साहू, जामुन साहू, उपाध्यक्ष संयोजिका अहिल्या साहू, रुक्मणी साहू, सरोज साहू, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनंत राम साहू, इकाई अध्यक्ष अश्वनी साहू, टेकराम साहू, मोहन साहू, दिनेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक चिंताराम साहू, सचिव अशोक साहू, शंकर लाल साहू, भोलाराम साहू, पांडव साहू, प्रताप गंजीर, ओम प्रकाश साहू, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, साहित्य प्रकोष्ठ सहित इंद्रजीत दादर उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### बच्चे अनुशासन का पालन करते हुए मन लगाकर करें पढ़ाई



**भिलाई।** हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राम चिखली दुर्ग में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के बच्चों दवरा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को अनुशान का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की बातें कही। साथ ही इस वर्ष से जो बच्चा कक्षा में प्रथम आयेगा, उसे पंचायत के द्वारा 500रु नगद पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

हायर सेकेंडरी चिखली में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य कल्पना अग्रवाल, शाला प्रतिवेदन पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक नेमसिंह साहू द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि स्वतंत्रता हमें बहुत संघर्षों से मिली है, इसकी रक्षा करना हम सबकी सामूहिक उत्तरदायित्व है। अपने भविष्य के निर्माण के लिए हमें खुद आगे आना होगा,मेहनत करनी होगी। सरपंच ललिता साहू ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि मैं अपने समय ज्यादा नहीं पढ़ पाई, जिसका आज मुझे पश्चाताप हो रहा है लेकिन आप सभी मन लगाकर पढ़ें। ज्ञान ज्योति के तहत इस वर्ष से जो बच्चा कक्षा में प्रथम आयेगा, उसे पंचायत के द्वारा पांच सौ रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्वरूप साहू ने कहा कि अनुशासन से ही भविष्य निर्माण संभव होता है, हमारे विद्यालय का परीक्षाफल बेहतर लाने शिक्षक के साथ बालक और पालकों को भी सहयोग करना पड़ेगा। संत चौहान और दिलहरन यादव ने मधुर गीत के माध्यम से आजादी के महत्व को बताया। साथ ही कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं में प्रथम आए बच्चों को बेग और पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने भी हर वर्ष 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण बच्चों को हर वर्ष सम्मानित करने की बातें कही। कार्यक्रम का संचालन संतोष जांगड़े और आभार भुनेश्वरी देशलहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, पंच, युवा समूह, सभी शिक्षक और स्कूल के उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

### रक्तदान शिविर में 8 यूनिट ब्लड डोनेट कर मनाया आजादी का जश्न



**भिलाई।** देश की आजादी का पर्व सभी स्थानों में विभिन्न प्रकार से मनाया गया। यह स्वतंत्रता दिवस केवल झंडारोहण तक सीमित न होकर मानव सेवा ही माधव सेवा के रुप में भी मनाया गया। देश की आजादी पर्व के अवसर पर हेल्पिंग फ्रेंड्स क्लब कातरों द्वारा माधव सेवा करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रक्तवीरों द्वारा 8 यूनिट बहुमूल्य रक्त प्राप्त किया गया। शिविर में ब्लड प्रभारी अधिकारी डॉ. मिथलेश पारकर के मार्गदर्शन में डॉ पंकज, डॉ. अनीषा, काउंसलर टी. एस. एंथोनी, स्टॉफ नर्स तरुणा रावत, लैब टेक्नीशियन रूपेश सर्पे, अंशु सिंह नेताम, हिमांशु चंद्राकर, संस्था से विक्रम कौशिक और गुलशन कौशिक की उल्लेखनीय भूमिका रही। सभी के सकारात्मक सहयोग और रक्तदाताओं का संस्था द्वारा आभार व्यक्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

---

**श्यामाश्याम धाम मंदिर उमरपोटी में लोककला महोत्सव का रंगारंग समापन**

# लोक कलाकारों ने संगीत और नृत्य के साथ सुनाई भरथरी की पौराणिक कथा, जीवंत झांकी में कंस वध का चित्रण

**भिलाई।** श्यामाश्यामधाम मंदिर उमरपोटी में दो दिवसीय लोककला महोत्सव का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। श्यामाश्याम ट्रस्ट द्वारा आयोजित पूरे दिन और देर रात तक चले इस महोत्सव में श्रोताओं की खासी भीड़ उमड़ी। लोककलाकारों ने संगीत और नृत्य के माध्यम से भरथरी की कथा सुनाई। राजा भरथरी की ऐतिहासिक और पौराणिक कथा को लोककलाकारों ने बेहतरीन अंदाज व शैली में प्रस्तुत किया। मनमोहनी लोककला बालोद के कलाकारों ने भरथरी कथा की प्रस्तुति में जमकर तालियां बटोरी।





### कंस वध की जीवंत झांकी

महोत्सव में गातापार बालोद द्वारा कंस वध की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दुष्ट राजा कंस के वध की कहानी को नाटकीय रूप में कलाकारों ने पेश किया। जिसमें कंस के अत्याचारों को दर्शाया गया और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रजा को इस अत्याचार से मुक्त कराने का दृश्य बखूबी दिखा। इस झांकी के माध्यम से कलाकारों ने भगवान कृष्ण के वीरता और धर्म की विजय के संदेश को भी प्रसारित किया।

### अरे माटी के चोला.. भजन संध्या में झूमे श्रोता



महोत्सव में कामता प्रसाद महराज छुरा की भजन संध्या में श्रोताओं ने खूब आंनद लिया। अरे माटी के चोला, हरि के भजन गा ले न.. छत्तीसढ़ी भजन पर श्रोता स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए। महराज ने छत्तीसगढ़ी में रामायण प्रसंग को भी भजन संध्या में प्रस्तुत किया। खास बात यह रही कि कथा व भजन संध्या में अपनी हंसी -मजाक करने के लिए मशहूर महराज कामता प्रसाद ने यहां भी दर्शकों को खूब हंसाया। इसके अलावा कई भजन भी पेश किए।

### ट्रस्ट ने किया कलाकारों का सम्मान



लोककला महोत्सव के समापन पर श्यामाश्याम धाम ट्रस्ट द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया। मुख्य ट्रस्टी नंद कुमार कश्यप, अरूण कश्यप, संजय राय, आरके शर्मा, भागवत साहू, आरपी यादव सहित ट्रस्टीगण , महिला समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे। आने वाले सत्र में कार्यक्रम को और भी भव्य बनाने के लिए भी ट्रस्ट्र ने संकल्प लिया।

### भारी बारिश के बीच नंद लाला हुए प्रगट

लोककला महोत्सव में शनिवार रात 12 बजे श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव मनाया गया। भारी बारिश के बीच नंद लाला भगवान लड्डू गोपाल ने जन्म लिया। नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की, यहां गूंजायमान रहा। नंद लाला की एक झलक पाने के लिए यहां भारी बारिश में भी श्रद्धालु डटे रहे। 25 पौंड का केक भी काटा गया। छप्पनभोग प्रसादी का वितरण हुआ। नंद उत्सव के उपलक्ष्य में महाभोग भंडारा भी हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### जस मंडलियों ने देवी जस की मचाई धूम

महोत्सव में गोपेश्वर मानस परिवार, जय संतोषी मां मानस परिवार भगवताचार्य अंजू शर्मा खैरागढ़, वेद मानस मंडली मोहला मानपुर, बाल समाज पुरण जस काग परिवार धमतरी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम पेश किए गए। इन मंडलियों ने सस्वर रामायण के किरदारों को अपनी-अपनी शैली में प्रस्तुत किया। इस दौरान मंडिलयों ने छत्तीसगढ़ की जस सेवा गीत को अपने कलाकारों के माध्यम से पेश किया। देवी जस गीत के दौरान माहौल पूरा भक्तिमय हो गया। जंवारा, भोजली जैसे दृश्य भी यहां देखने को मिले।

---

**कैट महिला विंग का सेमिनार**

## मिलेट्स व्यंजन सेहत के लिए गुणकारी फायदे जानकर महिलाओं के खिल उठे चेहरे



**दुर्ग।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई ने मिलेट्स आधारित खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने मुहिम का आगाज किया। इसी कड़ी में इंदिरा मार्केट खादी ग्रामोद्योग में रविवार को आयोजित पॉजीटिव मिलेट्स विषय पर निःशुल्क सेमिनार में महिलाएं उत्साह के साथ जुटी। कैट दुर्ग जिला महिला विंग दवरा आयोजित सेमिनार में मिलेट्स एक्सपर्ट नीति बल्लेवार और डाइटिशियन डॉ. गूंजा पिंचा द्वारा मिलेट्स आधारित व्यंजनों, परंपरागत व आधुनिक उपयोग, पोषण आहार, मिलेट्स आजीविका का साधन और उपलब्ध बाजार संबंधी विषयों पर महिलाओं का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने रागी की इटली, सूप, कोदो व मूंग दाल का ढोकला, ज्वार का गट्टा, मिक्स मिलेट्स की खिचड़ी, रागी और आटे से केक, रागी का कांजी, नाचनी का सलाद सहित अन्य व्यंजन बनाकर स्वास्थ के लिए लाभकारी बताया। सेमिनार में सभी ने व्यंजनों का स्वाद लिया और मिलेट्स सेहत के लिए गुणकारी और आजीविका का द्वार खुलने के फायदे जानकर महिलाओं के चेहरे खुशियों से खिल उठे। महापौर अल्का बाघमार ने मिलेट्स को लाभकारी बताते हुए लोगों को इसे अपने आहार में शामिल करने पर जोर दिया। पायल जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिलेट्स को हर व्यक्ति के जीवन में शामिल करने कहते है। उनकी मंशानुसार कैट द्वारा मिलेट्स को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने कार्य किया जा रहा है। मिलेट्स आधारित खाद्य पदार्थ पौष्टिक आहार होता है। जो सेहत के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ आजीविका के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करते है। इस अवसर पर कैट दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रकाश सांखला, चेयरमैन पवन बढ़जात्या, प्रहलाद रुंगटा, रवि केवलतानी, आशीष खंडेलवाल, मोहम्मद अली हिरानी, अनिल बल्लेवार, प्रवीण पिंचा, गौरव पिंचा, कैट दुर्ग जिला महिला इकाई सचिव नमिता शर्मा, स्वाति गुप्ता, सह सचिव रेखा

रूपारेल, प्रतिभा पुरोहित, संरक्षक रंजना गुप्ता, शारदा गुप्ता, सलाहकार विनीता बरडिया, कार्यकारिणी सदस्य शशिकला सोनी, रूपल गुप्ता, नेहा तिवारी, प्रीतिका चौहान के अलावा स्वालंबन से जुड़ी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

**कोसरिया यादव समाज का आयोजन**

## भक्तिमय गीत-संगीत में नाचते-झूमते शहर के यादवों ने निकाली शोभायात्रा



**दुर्ग।** कोसरिया यादव समाज दुर्ग द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में विधायक गजेन्द्र यादव सम्मिलित हुए और समाजजनों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य झांकी, आकर्षक साज-सज्जा और भक्तिमय गीत-संगीत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और आनंदमय बना दिया। समाज के उत्साहपूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या में यादव समाज के उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उल्लासपूर्ण माहौल में हजारों की संख्या में सामाजिकजनो ने पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते हुए उनकी उमंग और उत्साह ने शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज हर वर्ष जन्माष्टमी पर इस भव्य शोभायात्रा का आयोजन करता है। आने वाली पीढ़ियाँ भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपनाकर समाज में सद्भाव और भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए आयोजन किया गया। समाज के युवाओ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में संगठन और एकता की भावना मजबूत होती है। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत कर नागरिकों ने श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव प्रकट किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, सभापति श्याम शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।



---

**जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी हेतु सेक्टर-5 में की गई गोष्ठी**

कार्नर न्यूज

# जन्मशताब्दी एक दुर्लभ सौभाग्य, 30 हजार से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगा अवसर, अनुष्ठान कराने लिया संकल्प

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा गायत्री तपोभूमि मथुरा में 1926 से प्रज्वलित की गई अखण्ड दीप का 2026 बसंत पंचमी के दिन सौ वर्ष पूरे होने के साथ ही गायत्री परिवार की सह-संस्थापिका माता के जन्म का सौ वर्ष पूरा हो रहा है। इन दोनों महत्वपूर्ण अवसरों को गायत्री परिवार वर्ष 2026 में जन्मशताब्दी समारोह के रूप में मनाने जा रहा है। इस मिशन में विशेष योगदान देने वाले 20 से 30 हजार सक्रिय कार्यकर्त्ता ही भाग लेंगे। समारोह में भागीदारी के लिए कार्यकर्ताओं को गायत्री की विशिष्ट साधना अनुष्ठान करना अनिवार्य होगा। वर्तमान में यह अखण्डदीप गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के साधना कक्ष में स्थापित है। यह दीपक गायत्री परिवार के साथ-साथ पुरे विश्व के लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक शक्तिपुंज का प्रतीक है।



### गुरुमाता भवगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी तैयारियों को लेकर हुई गोष्ठी

अखण्डदीप एवं गुरुमाता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी के लिए गायत्री तीर्थ शांतिकुंज प्रतिनिधि ओमेश्वर प्रसाद देशमुख और गौरा राम साहू द्वारा गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग गायत्री शक्तिपीठ पाटन, गायत्री प्रज्ञापीठ कोडिया, गायत्री शक्तिपीठ बेमेतरा, ग्राम सिलघट, गायत्री शक्तिपीठ रामनगर इंदिरा चौक सुपेला भिलाई के बाद सेक्टर-5 मार्केट डोम शेड में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि ने कहा कि शांतिकुंज स्थित अखण्ड दीप और माता के जन्मशताब्दी एक दुर्लभ संयोग है। 2026 का बसंत पंचमी का समय विशेष है। गुरु कार्य में जो साथ देंगे, वे सध जायेंगे और धन्य हो जायेंगे। जिस कार्यकर्त्ता की सांसे गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य और माता के लिए चलती है, उनके लिए यह समय मूल्यवान रहेगा। आने वाला समय मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बने इस प्रयोजन को प्रचण्ड ज्योति के रूप में सारे संसार में विस्तार करना है। सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की मान्यता प्रबल हो।

### 30 हजार सक्रिय कार्यकर्त्ता ही से सकेंगे भाग

जन्मशताब्दी समारोह का शुरुआत देवभूमि की शांतिकुंज हरिद्वार में 20 से 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी की तिथियों में विराट सक्रिय कार्यकर्त्ता सम्मेलन के साथ होगा। इसमें मिशन में विशेष योगदान देने वाले 20 से 30 हजार सक्रिय कार्यकर्ता ही भाग लेंगे। समारोह में भागीदारी के लिए कार्यकर्ताओं को गायत्री की विशिष्ट साधना अनुष्ठान करना अनिवार्य होगा। यह एक संकल्प समारोह के रूप में संपन्न होगा। जिसमें कार्यकर्ताओं की योग्यता के आधार पर जिम्मेदारी और दायित्व सौपे जायेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं से संकल्प पत्र भरवाएं जा रहे है। कार्यकर्ता गोष्ठी में गायत्री परिवार उप जोन समन्वयक एस.पी.सिंह, धीरज लाल टांक, डॉ. एस.कुमार, मोहन उमरे, मूलचंद वर्मा, बी.पी.सिंह, रामसरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, लोकनाथ साहू, टीकम चन्द्राकर, रामाधार महिलांग, राजकुमार सिंह, योगिता वर्मा, डॉ. कामता प्रसाद, बबन प्रसाद पासवान, लक्ष्मण देवांगन, जितेन्द्र प्रसाद साहू, श्याम विश्वकर्मा, रोमलाल साहू सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हेल्थ टिप्स

# नींद रहती है आंखों से दूर तो करें स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज



अगर रात को बिस्तर पर लेटने के बाद भी घंटों आप करवट बदलते हुए बिताती हैं और नींद आपकी आंखों से कोसों दूर रहती है, तो इन स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को करें। इससे अच्छी नींद आएगी।

आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, स्क्रीन टाइम और अनियमित जीवनशैली के कारण नींद न आना, एक आम समस्या बन चुकी है। कई लोग रात में घंटों करवट बदलते रहते हैं लेकिन नींद आंखों से कोसों दूर रहती है। नींद न आने को कई बार लोग हल्के में ले लेते हैं लेकिन असल में यह एक बड़ी समस्या है। अच्छी नींद न केवल दिमाग को रिलैक्स देती है, बल्कि शरीर को एनर्जी देने के लिए भी बहुत जरूरी है। अगर आप भी देर रात तक जागते रहते हैं और आपको आसानी से नींद नहीं आती है, तो बिस्तर पर कुछ आसान स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने से आपकी मुश्किल हल हो सकती है। सबसे कमाल की बात यह है कि इन्हें आपको बिस्तर में ही करना है। ये स्ट्रेचिंग मांसपेशियों को रिलैक्स करने, ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने और दिमाग को शांत करने में मदद करती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं।

**एक्सरसाइज 1 :** सबसे बिस्तर पर पीठ के बल लेट जाएं।दोनों पैरों को सीधा रखें और फिर दाहिने पैर को मोड़कर बाईं तरफ ले जाएं।सिर को दाईं तरफ घुमाएं और हाथों को दोनों तरफ फैलाएं।इस स्थिति में पको 30 सेकेंड रुकना है और फिर ऐसा ही दूसरी तरफ करें।इससे रीढ़ की हड्डी की जकड़न कम होती है।पेट और कमर की मसल्स रिलैक्स होती हैं।दिमाग शांत होता है और अच्छी नींद आती है।

**एक्सरसाइज 2 :** आपको सीधा लेटना है। अब पैरों को ऊपर की तरफ उठाएं।अब अपनी जांघों को हाथों से पकड़ें।आप घुटनों को सीधा हवा में रखें या सीने से टच करवाएं।इसे कुछ देर होल्ड करें।इससे पेट में जमा गैस बाहर निकलेगी, पैरों का दर्द कम होगा। शरीर रिलैक्स होगा और अच्छी नींद आएगी।

**एक्सरसाइज 3 :** आप सुखासन में बैठ जाएं।अब अपने सीधे हाथ को बाएं हाथ की तरफ स्ट्रेच करें।इस समय पर अपनी गर्दन और बाकी शरीर को आपको दूसरी तरफ स्ट्रेच करना है।कुछ देर इस पोजिशन में रहें और फिर इसे दूसरी तरफ से दोहराएं। यह स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज हाथ और कमर की अकड़न और दर्द को कम कर सकती है।



**बीयर हग :** यह स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज मांसपेशियों के दर्द से राहत दिला के बेहतर नींद दे सकती है। इसके लिए बेड पर सीधे बैठकर अपने दाएं हाथ की हथेली से अपने बाएं कंधे को पीछे से छूने की कोशिश करें। इसी तरह से अपने बाएं हाथ की हथेली से अपने दाएं कंधे को पीछे से छूने की कोशिश करें। इसे करके आपको ऐसा लगेगा जैसे आप खुद को गले लगा रहे हैं। कुछ देर इस एक्सरसाइज को करने के बाद सामान्य हो जाएं।

**नेक स्ट्रेचिंग :** कुछ कामों को काफी देर तक करने से गर्दन में दर्द होने लगता है और यह नींद न आने का कारण बन सकता है। इससे राहत पाने के लिए अपने बिस्तर पर सीधे बैठ जाएं। अब अपने बाएं हाथ को अपने सिर के ऊपर से दाएं कान के ऊपर लाएं। फिर अपने हाथ से कान पर थोड़ा दबाव डालें। 10 सेकंड तक इसी स्थिति में रहने के बाद दाएं हाथ से इस प्रक्रिया को दोहराएं। इससे आपको अच्छी नींद आएगी।

**स्पाइन ट्विस्ट :** इस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के लिए जमीन या फिर बिस्तर पर पीठ के बल लेट जाएं।अब अपने दाएं पैर को घुटने से मोड़ें और ऊपर उठाते हुए इसके तलवे को बाएं घुटने पर टिकाएं।फिर अपनी पीठ को बाईं ओर मोड़ें और अपने दाएं हाथ को दाएं पैर के घुटने पर रखें। वहीं बाएं हाथ को कंधे की सीध में फैलाएं।इसके बाद सिर को बाईं ओर घुमाएं। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद सामान्य हो जाएं।

**साइड बेंड :** इस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को करने के लिए बिस्तर पर चौकड़ी मारकर बैठ जाएं। अब अपने दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाईं ओर झुककर खुद को अधिक से अधिक स्ट्रेच करने की कोशिश करें। इस मुद्रा में 10 से 15 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को अपने बाएं हाथ से भी दोहराएं। हर तरफ से कम से कम 20 बार ऐसा करें। बेहतर परिणाम के लिए कुछ दिनों तक इस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को लगातार करें।

## बारिश के इस मौसम में हेल्दी फूड्स अपनाना बेहद जरूरी

# इस मौसम में चटपटा खाने की इच्छा हो तो अपने मन पर रखें काबू, अपनाएं हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स

बारिश के मौसम में अक्सर हमारी तबीयत बिगड़ने की वजह हमारा खानपान बनता है। इस मौसम में तरह-तरह के अनहेल्दी स्नैक्स खाने का मन करता है। लेकिन अगर आप चाहें तो इन हेल्दी स्नैक्स की मदद से अपने टेस्ट और हेल्थ दोनों का ख्याल रख सकती हैं। मानसून के मौसम में कई तरह की अनहेल्दी स्नैकिंग की क्रेविंग काफी बढ़ जाती है। जब बारिश होती है तो चाय और पकौड़े खाने का मन होता है। कभी हम ब्रेड पकौड़े तो कभी समोसे खाना चाहते हैं। इस तरह की स्नैक आइटम्स आपको टेस्ट अवश्य दें, लेकिन इससे आपकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। बार-बार इस तरह के ऑयली व डीप फ्राइड फूड्स खाने से ना केवल वजन बढ़ता है, बल्कि कोलेस्ट्रॉल लेवल पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए, मानसून में ऐसे फूड्स ना खाने की सलाह दी जाती है।



### खाएं ग्रिल्ड फ्रूट

मानसून के मौसम में कई तरह के फल मिलते हैं। हो सकता है कि आपको वह खाना अच्छा ना लगता हो। लेकिन जब बात हेल्दी स्नैकिंग की हो तो ऐसे में आप फ्रूट्स को ग्रिल्ड करके उन्हें खा सकते हैं। यह खाने में जितने टेस्टी लगते हैं, उतने ही हेल्दी भी होते हैं। इन फलों से आपको फाइबर के अलावा कई तरह के विटामिन और मिनरल्स भी मिलते हैं। इसके लिए आप मौसमी फलों को बड़े टुकड़ों में काट लें और उन्हें ग्रिल्ड करें।

### खाएं शकरकंद फ्राइज

मानसून में अक्सर हम सभी आलू चाट या फिर फ्रेंच फ्राइज खाना बेहद पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अपने टेस्ट के साथ-साथ हेल्थ का भी पूरा ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप आलू के फ्राइज की जगह शकरकंद फ्राइज खाएं। शकरकंद विटामिन, पोटेशियम और फाइबर का एक बेहतर स्रोत है, जो अपेक्षाकृत अधिक हेल्दी होता है। साथ ही साथ, जब आप इसे बना रही हैं तो ध्यान रखें कि इसे बेक करना या फिर एयर फ्रायर में बनाना अधिक बेहतर ऑप्शन है।

### खाएं मसाला रोस्टेड नट्स

मानसून के मौसम में बार-बार मंचिंग करने का मन करता है। ऐसे में अगर आप एक हेल्दी स्नैकिंग की तलाश में हैं तो आप मसाला रोस्टेड नट्स का ऑप्शन चुन सकती हैं। नट्स में हेल्दी फैट्स के साथ-साथ प्रोटीन और अन्य कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इन्हें जब आप रोस्ट करके और कुछ मसालों का इस्तेमाल करके तैयार करते हैं तो यह खाने में और भी अधिक टेस्टी हो जाते हैं। इन्हें आसानी से कैरी भी किया जा सकता है। ये नट्स ना केवल आपकी भूख को शांत करते हैं, बल्कि एनर्जी लेवल को भी बनाए रखते हैं। बारिश के दिनों में हम सभी ने भुट्टे का लुत्फ उठाया है। अक्सर हम सड़क किनारे से भुट्टा खरीदकर खाते हैं, लेकिन इनसे आपकी सेहत पर विपरीत असर पड़ता है। बेहतर होगा कि आप घर पर ही स्टीम्ड कॉर्न तैयार करें। गरमा-गरम कॉर्न में नमक, काली मिर्च और चाट मसाला छिड़ककर जब खाया जाता है तो उसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही साथ, इससे सेहत को भी फायदा होता है। दरअसल, कॉर्न फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और फोलेट का अच्छा स्रोत है, जिससे आपके डाइजेशन सिस्टम पर पॉजिटिव असर पड़ता है।

# लोहे के तवे पर भी नहीं चिपकेगा डोसा, बस अपनाएं ये तरीके

साउथ इंडियन फूड किसे पसंद नहीं होता। अक्सर कई सेलिब्रिटी को ये कहते सुना जाता है कि वो सांभर और चटनी के साथ नाश्ते में डोसा खाना पसंद करते हैं। ये काफी हेल्दी होता है। कई लोग कोशिश करते हैं कि उनका डोसा बाजार जैसा बने पर ऐसा नहीं होता। अक्सर जब लोग लोहे के तवे पर डोसा बनाते हैं तो ये चिपक जाता है। इससे तवा भी खराब होता है और साथ में डोसे का टेस्ट भी खराब होता है। लोगों की इस परेशानी का हल हमारे पास है। दरअसल, आज की खबर में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जिसको अपनाकर आप अपने डोसे को एकदम बाजार जैसा कुरकुरा बना सकते हैं। इसके लिए आपको डोसा बनाते वक्त सिर्फ कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



### तवे पर नहीं होनी चाहिए गंदगी

अगर आप डोसा बनाना चाह रही हैं तो सबसे पहले तवे को अच्छे से साफ कर लें। अगर इस पर तेल या गंदगी लगी रहेगी तो डोसा सही से नहीं बनेगा। इसके लिए आपको तवे को अच्छे से साफ करना चाहिए।

### प्याज या आलू की मदद से करें तवे को चिकना

डोसा बनाने के लिए तवे को पहले से तैयार करना चाहिए। इसके लिए आप प्याज या आलू को आधा काट लें। अब आप कटे हुए आधे प्याज या आलू को तेल में डुबोकर इससे तवे को चिकना कर सकते हैं।

### तवे को गर्म करके फिर करें ठंडा

अगर आपका डोसा लगातार चिपक रहा है तो तवे को एक बार अच्छे से गर्म करें फिर ठंडा कर लें। अब जब आप इस तवे पर डोसा बनाएंगी तो ये ज्यादा कुरकुरा बनेगा।

### ना करें ये गलतियां

अगर आप डोसा बनाने जा रहीं हैं तो इसके बेटर को तुरंत फ्रिज से निकाल कर इस्तेमाल ना करें। डोसा बनाने के कुछ समय पहले इसे बाहर निकाल कर नॉर्मल कर लें। डोसे का बेटर तैयार करते वक्त ध्यान रखें कि इसमें पानी ज्यादा ना डाला गया हो। अगर बेटर में पानी ज्यादा होगा तो डोसा फटने लगेगा।

# भूल से भी दीवार पर न लगाएं ऐसी तस्वीर घर की खुशियों को लग सकती है नजर

हर कोई चाहता है कि उसका घर खूबसूरत दिखे। घर की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए लोग उसे तरह-तरह से सजाते हैं। कुछ लोग घर की दीवारों पर खूबसूरत पेंटिंग या तस्वीर लगाते हैं। हालांकि इन तस्वीरों को लगाने से घर की खूबसूरती तो बढ़ जाती है, लेकिन ये तस्वीरें यदि फेंगशुई के अनुसार न लगी हों तो आपके घर-परिवार पर इनका नकारात्मक प्रभाव भी होने लगता है। फिर चाहे वह आपके ड्राइंग रूम में लगी पेंटिंग हो या फिर बेड रूम में लगी फैमिली फोटो। फेंगशुई के अनुसार कुछ तस्वीरें ऐसी होती हैं, जिनको लगाने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है और परिवार में परेशानियां बढ़ने लगती हैं। इसलिए घर में किसी भी तरह की पेंटिंग या तस्वीर लगाते समय फेंगशुई के नियमों का जरूर ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं आखिर किन तस्वीरों को लगाने से घर में दुर्भाग्य आता है...

**बहते झरने की तस्वीर :** किसी पहाड़ से गिरता हुआ झरना देखने में काफी खूबसूरत लगता है, लेकिन फेंगशुई के अनुसार इस तरह की तस्वीर शुभ नहीं मानी जाती है। ऐसी तस्वीरों को लगाने से बिना वजह का खर्च बढ़ता है। मान्यता है कि झरने की तस्वीर लगाने से जिस तरह पानी बहता है उसी तरह से घर से पैसा बहने लगता है।



**तीन सदस्यों वाली फोटो :** अक्सर लोग घर की दीवार पर फैमिली फोटो लगाते हैं, लेकिन इस तरह की फोटो लगाते समय हमेशा ध्यान रखें कि एक ही परिवार के तीन सदस्यों वाली तस्वीर कभी भी दीवार पर न लगाएं। फेंगशुई के अनुसार तीन लोगों की फोटो एक फ्रेम में लगाना शुभ नहीं माना जाता है। साथ ही तीन दोस्तों की फोटो भी एक फ्रेम में लगाना सही नहीं होता है। इससे दोस्ती में दरार पड़ सकती है।

**हर कमरे में न लगाएं भगवान की तस्वीर :** अक्सर लोग घर के हर कोने में ईश्वर की तस्वीर लगा देते हैं। फेंगशुई और वास्तुशास्त्र के अनुसार ऐसा करना बिल्कुल उचित नहीं होता है। ऐसा करने से लाभ की बजाए हानि होती है। ईश्वर की तस्वीरों के लिए एक उचित और पवित्र स्थान बनाएं।

**डूबते सूर्य की तस्वीर :** किसी भी पहाड़ या समुद्र किनारे डूबता हुआ सूरज भले ही खूबसूरत दिखता हो लेकिन घर में इस तरह की तस्वीर भूलकर भी न लगाएं।



# आयुर्वेद के अनुसार रखें शरीर को साफ, तन-मन रहेगा प्रसन्न

शरीर का अंदर और बाहर से स्वच्छ रखना जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, नहाते वक्त और इससे पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। नहाने का गलत समय आपको बीमार कर सकता है।

आयुर्वेद में स्वस्थ जीवन के कुछ नियम बताए गए हैं। इनमें खाने-पीने, नहाने, सोने और भी कई चीजों से जुड़े नियम शामिल हैं। मौसम के हिसाब से डाइट में बदलाव, नहाने का सही समय, सोने का सही समय और शरीर की प्रकृति के हिसाब से खाने की कुछ चीजों को छोड़ना, ये सारी बातें आयुर्वेद में जरूरी मानी गई हैं। शरीर का अंदर और बाहर से स्वच्छ रहना जरूरी है।

आयुर्वेद के अनुसार, नहाते वक्त और इससे पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। नहाने का गलत समय आपको बीमार कर सकता है। शरीर की बाहर से सफाई सिर्फ सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छता के लिए भी जरूरी है। इस बारे में डॉक्टर नीतिका कोहली जानकारी दे रही हैं। डॉक्टर नीतिका, आयुर्वेद में एमडी हैं। उन्हें इस फील्ड में 17 सालों का अनुभव हैं।



### आयुर्वेद के अनुसार नहाने का सही समय और तरीका

आयुर्वेद के अनुसार, दिन में दो बार नहाना चाहिए। सूरज उगने से पहले पेट का साफ होना, दांत साफ होना और शरीर का स्वच्छ होना जरूरी है। दूसरी बार, शाम के वक्त हल्के गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। इससे मसल्स और नर्व्स को आराम मिलता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, आयुर्वेद कहता है कि आपको हाथी की तरह नहाना चाहिए यानी शरीर को साफ करने के लिए पर्याप्त पानी की इस्तेमाल करना चाहिए। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि आप पानी की बर्बादी करें लेकिन पानी सही से जरूर इस्तेमाल करें ताकि शरीर पूरी तरह साफ हो सके।

**स्नान से पहले करें मसाज :** आयुर्वेद में नहाने से पहले मसाज करने की सलाह दी जाती है। अभ्यंग यानी तेल से मसाज, नहाने से पहले जरूरी है। मसाज के लिए तिल का तेल सबसे अच्छा माना जाता है। हालांकि, आप बादाम या नारियल तेल का उपयोग भी कर सकती हैं। इससे ब्लड सर्कुलेशन भी अच्छा होता है और शरीर को अंदर से डिटॉक्स करने में भी मदद मिलती है।

### हर्बल पाउडर से स्क्रब

नहाने से पहले और मसाज के बाद हर्बल पाउडर से शरीर को साफ करें। हर्बल पाउडर में बेसन, मूंग दाल, हल्दी, गुलाब की पंखुड़ियां, चंदन की लकड़ी, नीम की पत्तियां और खस का इस्तेमाल करें।

### नहाने के लिए ऐसा होना चाहिए पानी

आयुर्वेद की मानें तो नहाने के लिए हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, सिर और बालों में गुनगुने पानी को सीधा नहीं डालना चाहिए। सिर धोने के लिए रूम टेम्परेचर पर पानी लेना चाहिए। खाना खाने के तुरंत बाद नहाने से बचें। इससे डाइजेशन खराब हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## आज के सामाजिक जीवन में एक बड़ी चुनौती बन रहा है मोबाइल फोन

# मानसिक बीमारियों से बचाने के दुनियाभर में उठाए जा रहे गंभीर कदम, ऐसे कंट्रोल होगा अब मोबाइल फोन

चीन ने हाल ही में स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसकी पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। देश के साइबर स्पेस रेगुलेटर ने बच्चों में स्मार्टफोन्स के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के प्रस्ताव का एलान किया है। इसके तहत स्मार्टफोन्स को माइनर मोड पर डाला जा सकेगा, जिसमें 18 साल से कम उम्र के लोग दो घंटे से अधिक समय तक स्मार्टफोन्स का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। लोगों की इसपर प्रतिक्रिया को जानने के लिए फिलहाल इस नियमन को दो सितंबर तक लागू रखा जाएगा। बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्मार्टफोन्स के उपयोग को कम करने को लाभकारी माना जा रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि स्मार्टफोन पर अधिक समय बिताना बच्चों में अवसाद और चिंता की समस्या को बढ़ाने वाला हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के अलावा कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं के जोखिमों को भी स्मार्टफोन्स के अधिक इस्तेमाल से जोड़कर देखा जाता रहा है।



### स्मार्टफोन के इस्तेमाल के दुष्प्रभाव

ब्रिटिश साइकोलॉजिकल सोसायटी के अनुसार, मोबाइल फोन्स और सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले बच्चों-किशोरों में आत्मसम्मान की कमी, चिंता, अवसाद और खराब गुणवत्ता वाली नींद की समस्या अधिक देखी जाती रही है। बच्चों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल को कम करके भविष्य में उन्हें इन समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माता-पिता के रूप में, हमें अपने बच्चों को मोबाइल फोन्स-सोशल मीडिया के खतरों के बारे में बताना होगा और उन्हें इससे बचाव को लेकर सतर्क भी करना होगा।

### कोविड महामारी ने बढ़ा दिया है मोबाइल का उपयोग

अध्ययनकर्ताओं की टीम ने पाया कि वैसे तो पहले से ही बच्चों के साथ लगभग सभी आयु वर्ग के लोगों में स्मार्टफोन की बढ़ी हुई लत देखी जा रही है पर कोरोना महामारी के दौरान यह जोखिम काफी बढ़ गया है। कनाडा मैकगिल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि दुनियाभर के कई देशों में स्मार्टफोन का उपयोग काफी तेजी से बढ़ा है। चीन, मलेशिया और सऊदी अरब इनमें सबसे आगे हैं। बच्चों के अलावा वयस्कों में भी स्मार्टफोन का उपयोग अधिक देखा जा रहा है।

### हो सकते हैं कई दीर्घकालिक नकारात्मक असर

तीन साल से अधिक समय तक जारी कोरोना महामारी के दौरान बढ़े स्क्रीन का उपयोग, खासकर बच्चों के बीच, को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ अलर्ट कहते हैं। जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, महामारी की शुरुआत के बाद से बच्चों द्वारा स्क्रीन पर बिताए जाने वाले औसत समय में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बढ़ा हुआ स्क्रीन टाइम संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। स्मार्टफोन का मस्तिष्क पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, स्वास्थ्य विशेषज्ञों को चिंता है कि इसका अत्यधिक उपयोग बच्चों के मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करने वाला भी हो सकता है।



### नींद की गुणवत्ता हो जाती है प्रभावित

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप सभी चमकदार नीली रोशनी उत्सर्जित करते हैं। समस्या यह है कि नीली रोशनी आपके मस्तिष्क में मेलाटोनिन के उत्पादन को बाधित कर सकती है, जिसका सीधा असर आपकी नींद की गुणवत्ता पर देखा जाता है। जो लोग अधिक स्मार्टफोन्स या स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं उनका सर्कैडियन रिदम प्रभावित हो सकता है, जो कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग सहित कई गंभीर समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को स्मार्टफोन का उपयोग कम करने की सलाह देते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्पाइडरमैन की शूटिंग के दौरान टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्बल की अगली फिल्म स्पाइडर मैनःब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेरार्ड क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे, जिसमें उनका किरदार पीटर पार्कर अपनी आंटी की कब्र पर जाता है। वहीं जेंडाया, जो इस फिल्म में अभिनय नहीं कर रही हैं, सिर्फ टॉम से मिलने सेट पर पहुंचीं। दोनों की ये छोटी-सी मुलाकात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस दौरान कपल ने पास के एक भारतीय रेस्टोरेंट में भी समय बिताया। रेस्टोरेंट ने खुद इस यादगार मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट कर बताया कि टॉम और जेंडाया के आने से उनकी शाम खास बन गई। ये पहली बार नहीं है जब दोनों कैमरे से दूर भी साथ समय बिताते दिखे हों। कुछ दिन पहले ही दोनों को लंदन के रिचमंड पार्क में अपने डॉग्स के साथ वॉक करते हुए देखा गया। इससे पहले स्कॉटलैंड में दोनों को कॉफी डेट पर भी एक साथ देखा गया था। साल के शुरुआत में जेंडाया और टॉम की सगाई की खबर ने फैंस को चौंका दिया था।

### टॉलीवुड

## 'कंतारा चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत का फर्स्ट लुक जारी, ट्रेडिशनल लुक से जीता दिल



ओम्बले फिल्म्स ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कंतारा चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इस पोस्टर के सामने आने से ऋषभ के फैंस के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्सुकता पैदा कर दी है। इस साल की शुरुआत में, निर्माताओं ने ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर उनका पहला लुक जारी किया था, जिसने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। अब, वरमहालक्ष्मी महोत्सव के मौके पर, होम्बले फिल्म्स ने अपनी आगामी फिल्म 'कंतारा चैप्टर 1' में मुख्य किरदार कनकवती के रूप में अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत का पहला लुक शेयर कर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। निर्माताओं ने फिल्म 'कंतारा चैप्टर 1' से साउथ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत का पहला लुक जारी कर दिया है। इस फिल्म में रुक्मिणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रुक्मिणी वसंत का किरदार पोस्टर में पारंपरिक परिधान और भारी आभूषणों में दिखाया गया है, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। यह फिल्म 2022 की सुपरहिट फिल्म कंतारा का प्रीक्वल है, जिसे ऋषभ शेट्टी ने लिखा और निर्देशित किया है। कंतारा चैप्टर-1 कर्नाटक के कदंब काल की कहानी पर आधारित है, जो भारतीय इतिहास का स्वर्णिम काल माना जाता है। कदंब शासकों ने कर्नाटक की संस्कृति और वास्तुकला को बहुत प्रभावित किया था। ऋषभ शेट्टी ने 2023 में बताया था कि 2022 की कंतारा असल में कहानी का दूसरा हिस्सा थी। अब प्रीक्वल के रूप में कंतारा चैप्टर 1 आएगी। कंतारा चैप्टर 1, 2 अक्टूबर, 2025 को कन्नड़, तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम, बंगाली और अंग्रेजी में दुनिया भर में रिलीज हो सकती है।

### भोजपुरी

## 'सास बहू चली स्वर्ग लोक' में अनोखी कहानी स्वर्ग में भिड़ीं सास बहू और देवरानी जेठानी



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की नई भोजपुरी मूवी 'सास बहू चली स्वर्ग लोक' का जबरदस्त, दिलचस्प और धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। वैसे तो फिल्मों में सास बहू या देवरानी जेठानी को लड़ते देखा होगा, लेकिन जब यही नजारा स्वर्ग लोक में भी देखने को मिले तो क्या होता है, जानिए। क्या हो, जब सास, बहू, देवरानी और जेठानी मरने के बाद नरक की बजाय गलती से स्वर्ग लोक में चली जाएं! क्या हुआ? नहीं सोच पा रहे? लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर ऐसा हुआ तो फिर क्या होगा। दरअसल, नई भोजपुरी फिल्म 'सास बहू चली स्वर्ग लोक' कुछ ऐसी ही अनोखी कहानी लेकर आ रहा है आपको गुदगुदाने। जैसा कि फिल्म का नाम है, 'सास बहू चली स्वर्ग लोक', वैसी ही इसकी कहानी भी है। इसके 4 मिनट 30 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि स्वर्ग लोक है, जहां इंद्र देव कहते हैं कि तीनों लोक में सबसे मनमोहक उनका लोक है। समस्त देवी-देवता वहां निवास करते हैं और कोई भी वहां की सुख-शांति भंग नहीं कर पाया है। इसके बाद रानी चटर्जी और संजना पांडे अपनी सास के साथ स्वर्ग लोक में आंखें खोलती हैं। तीनों धरती पर तो लड़ती ही थीं, स्वर्ग लोक में भी उनकी तू-तू मैं-मैं खत्म नहीं होती है। उनकी किच-किच से पूरा स्वर्ग लोक परेशान हो जाता है। पर वो वहां की सुख-सुविधाओं को खूब इंजॉय करती हैं। पर इंद्रदेव उनसे कहते हैं कि उन्हें नरक लोक में होना चाहिए था। फिर वो बताते हैं कि चित्रगुप्त की गलती के कारण वो नरक की जगह स्वर्ग में चली आती हैं। इसके बाद तीनों देवताओं के खिलाफ मोर्चा खोल देती हैं। वो न्याय मांगने लगती हैं। इसके बाद स्वर्ग लोक का क्या होता है, सास बहू का क्या होता है, ये तो आपको इस फिल्म को देखने के बाद ही पता चलेगा। इस फिल्म में रानी चटर्जी, संजना पांडेय, लाडो मधेसिया, प्रशांत सिंह, विद्या सिंह, गोपाल चव्हाण, अलोक कुमार, पार्थ मिश्रा, राजेश तोमर, नविन चंद्रा, प्रीति राज, सोनाली मिश्रा हैं। डायरेक्टर मंजुल ठाकुर हैं। कांसेप्ट संदीप सिंह का है। स्क्रिप्ट मंजुल ठाकुर और अरविंद तिवारी ने लिखी है।

### स्वदेशी फैशन

### लाइफ स्टाइल



टोरंटो में द्विवार्षिक स्वदेशी फैशन आर्ट्स महोत्सव में पहली बार समकालीन स्वदेशी फैशन डिजाइनरों पर फोकस रखा गया। ईटन सेंटर मॉल के अंदर ₹हमारा फैशन-स्वदेशी फैशन₹ की थीम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इवेंट के कलात्मक निदेशक सेज पॉल कहते हैं-लोग अपनी परंपराओं की ओर लौट रहे हैं।

# कंधे से बार-बार गिरने लगता है ब्लाउज तो इन टिप्स को आजमाएं

लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपको फैशन से जुड़ी हर-छोटी बड़ी चीज का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकती हैं।

अक्सर हम स्टाइलिश दिखने के लिए अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज करना पसंद करते हैं और इसके लिए हम हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखते हैं। ज्यादातर हम ट्रेडिशनल लुक को लोकल डिजाइनर की मदद लेकर अपनी पसंद का डिजाइन तक बनवाते हैं। ट्रेडिशनल लुक की बात करें तो साड़ी हो या लहंगा, लगभग सभी के साथ ब्लाउज को पहना जाता है और इसके भी आपको कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

कई बार ब्लाउज की फिटिंग सही न होने के कारण कंधे बार-बार ठीक करने पर भी गिरते ही रहते हैं। ऐसे में आप ब्लाउज के गिरते कंधे को ठीक तरह से स्टाइल करने के आसान हैक्स अपना सकती हैं।



### ब्लाउज के कंधों को स्टाइल करने के लिए करें थ्रेड का इस्तेमाल

अगर आप प्रो हैं और स्टाइलिंग की अच्छी जानकारी रखती हैं तो आप खुद ब्लाउज को परफेक्ट फिटिंग देने के लिए धागे से सिल भी सकती हैं। ध्यान रहे कि इसके लिए पहले अपने माप की पूरी जानकारी को अच्छी तरह से समझ लें और फिर ही किसी नतीजे पर पहुंचे। वहीं धागे का रंग ध्यानपूर्वक चुनें और ब्लाउज के कलर से मिलता-जुलता रंग ही चुनें ताकि ब्लाउज के बाहर से धागा नजर न आने पाए और आप स्टाइलिश नजर आए।

कई बार लाख फिटिंग करने के बाद भी ब्लाउज कंधे से गिरता ही रहता है और एक जगह टिकता नहीं है। इसके लिए आप ट्रांसपेरेंट ब्रा स्ट्रैप्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रहे कि ये स्ट्रैप्स आपके साइज के हिसाब से ही सेट हो और ब्लाउज को फीटिंग देने में करें। वहीं इसे लगाने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।

इन सबके अलावा आप चाहे तो गिरते हुए ब्लाउज के कंधे को रोकने के लिए डोरी का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। बता दें कि डोरी देखने में स्टाइलिश लुक देने में मदद करती है। वहीं आप चाहे तो एक से ज्यादा डोरियां भी लगवा सकती हैं और अपने लुक को आकर्षक बना सकती हैं। साथ ही डोरी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप टैसल या लटकन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# खूबसूरत दिखने के लिए पहनें व्हाइट गोल्डन सिल्क साड़ी के ट्रेंडी डिजाइन

### फैशन





दक्षिण भारत में ओणम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारियां काफी समय पहले से होनी शुरू हो जाती है। इस साल ये त्योहार 20 अगस्त को शुरू होगा और 31 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस दिन महिला ट्रेडिशनल लुक में रेडी होगीं। साड़ी पहनेंगी उनके साथ ज्वेलरी को वियर करेंगी। अगर आप भी इस त्योहार में साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो आप व्हाइट गोल्डन सिल्क साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी काफी सुंदर लगती हैं और पहनने के बाद रॉयल लुक क्रिएट करती हैं।

**लाइट वर्क व्हाइट गोल्डन सिल्क साड़ी :** अगर आपको सिंपल साड़ी पहनने का मन है तो ये डिजाइन आपके लिए बेस्ट हैं। इस तरीके की साड़ी में आप सिर्फ पल्ले पर हैवी वर्क ले सकती हैं। इससे आपका लुक भी ट्रेडिशनल दिखेगा साथ ही साड़ी पहनने के बाद आप कम्फर्टेबल नजर आएंगी। इस तरीके की साड़ी के पूरे डिजाइन में आपको छोटी-छोटी बूटियां नजर आएंगी। जिससे साड़ी और ज्यादा परफेक्ट लगेगी। इस ओणम इस तरीके की साड़ी पहने और लुक को कंप्लीट करें। मार्केट में ये आपको 1000 से 2000 की रेंज में मिल जाएगी। इसके साथ आप हैवी ज्वेलरी सेट वियर कर सकती हैं।

**रेड कलर के साथ व्हाइट गोल्डन सिल्क साड़ी :** कई सारी महिलाएं होती हैं जिन्हें रेड कलर पहनना पसंद होता है ऐसे में आप गोल्डन और व्हाइट के कॉम्बिनेशन के साथ इसे वियर कर सकती हैं। व्हाइट और गोल्डन के साथ ये कलर काफी अच्छा लगता है। इसमें आप चाहे तो बॉर्डर वर्क के साथ रेड कलर ले सकती हैं। वरना बूटियों में रेड कलर खरीद सकती हैं। इस तरीके की साड़ी (सिल्क साड़ी कलेक्शन) भी ट्रेडिशनल लुक के लिए बेस्ट होती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाते हैं। जिन्हें स्टाइल करके आप ओणम के लिए रेडी हो सकती हैं। इसके साथ गोल्डन ज्वेलरी के वियर करें।

**हैवी वर्क व्हाइट गोल्डन सिल्क साड़ी :** शादी के बाद अगर आप पहला ओणम सेलिब्रेट कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है हैवी वर्क वाली व्हाइट गोल्डन साड़ी (बनारसी सिल्क साड़ी करें स्टाइल)। जिसमें बॉर्डर के साथ-साथ पल्ले पर भी आपको गोल्डन कलर नजर आएगा। इसमें आप मल्टीकलर एड कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 1500 में मिल जाएगी। आप इसके साथ लाइट वेट ज्वेलरी वियर करें। इस तरीके के साड़ी डिजाइन इस ओणम में स्टाइल करें और ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करें। आप खूबसूरत के साथ-साथ सबसे अलग नजर आएंगी।

# छोटे हाथों पर खूब जचेंगे मेहंदी के ये आसान डिजाइंस

हाथों की खूबसूरती को दो गुना करने के लिए मेहंदी के डिजाइन के लिए आप आसान से पैटर्न को भी चुन सकती हैं। वहीं इसके लिए आप हाथों के आकार को अच्छी तरह से पहले जान लें।

खासकर छोटे हाथों वालों को अपने हिसाब से मेहंदी का डिजाइन चुनने में परेशानी होती है। वहीं हरियाली तीज भी आने वाली है। इस शुभ अवसर पर हाथों की शोभा को बढ़ाने के लिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मेहंदी के कुछ नए डिजाइंस जो खास छोटे साइज वाले हाथों पर खूबसूरत नजर आयेंगे।

### फुल हैण्ड मेहंदी डिजाइन

फुल हैण्ड मेहंदी डिजाइन में आप कई तरीके के पैटर्न आसानी से बना सकती हैं। वहीं भरे हाथों की मेहंदी लगाने के लिए आप डिजाइन के लिए बारीक और छोटे पैटर्न ही चुनें। इसके लिए आप चाहे तो डार्क कलर की मेहंदी से आउटलाइन भी कर सकते हैं।



### जाल मेहंदी डिजाइन

वैसे तो जाल में कई डिजाइन आपको देखने को मिलेंगे, लेकिन अगर आपके हाथ छोटे हैं तो जाल के पैटर्न को थोड़ा बड़ा-बड़ा बनाए यानि बारीकी से इस डिजाइन को बनाना अवॉयड ही करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जाल डिजाइन की मेहंदी हर तरह के हाथों पर खूबसूरत नजर नहीं आती हैं। जाल के लिए आप डॉट-डॉट पैटर्न भी बना सकती हैं।

### हाथ फूल स्टाइल मेहंदी डिजाइन

मेहंदी कई डिजाइन में लगाई जाती है। वहीं अगर आप ज्वेलरी स्टाइल में मेहंदी लगाना चाहती हैं तो इस तरह से ब्रेसलेट या हाथफूल स्टाइल बेल मेहंदी को हाथों पर लगा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में आप केरी या डॉट-डॉट मेहंदी डिजाइन बना सकती हैं।

# बालों को सिल्की और बाउंसी बनाने का काम करेगा घरेलू नुस्खा

बालों की देखभाल करने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स को अवॉयड ही करना चाहिए और केवल नेचुरल चीजों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकती हैं। सिल्की और बाउंसी बाल पाने के लिए सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आजकल आपको कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बाहर मिलने वाले इन प्रोडक्ट्स में अनेक तरह के केमिकल के भरी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है जो बालों को पोषण देने के जगह बेजान और रुखा बना सकता है।

बालों को सही मात्रा और नेचुरल तरीके से पोषण मिलने से बालों की कई साड़ी समस्याएं कम हो सकती हैं और इसके लिए घर में मौजूद चीजें बेस्ट रहती हैं। यह घरेलू चीजें बाहरी हेयर केयर ट्रीटमेंट पर खर्च होने वाले पैसे भी बचाने में मदद करती हैं और इनके इस्तेमाल से आपको बेहतर रिजल्ट भी आपको देखने को मिल जाएगा।



दो मुंहे बालों को कम करने में केला बेहद मददगार साबित होता है। बालों में केले को लगाने से बाल स्मूथ और शाइनी होते है। इसके इस्तेमाल से बालों में मौजूद फ्रिजीनेस भी कम होने लगती है।बालों में कच्चे दूध को लगाने से आपके बालों को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक को भरपूर मात्रा में पोषण देने का काम करता है।

बालों को पोषण देने के लिए एक बाउल में सबसे पहले करीब 2 केले मैश कर लें। अब इसमें आप 2 से 4 चम्मच कच्चे दूध की डालकर दोनों को अच्छी तरह से मिला लें। इस हेयर मास्क को ब्रश की मदद लेकर स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक में लगा लें।

### कार्नर न्यूज

### आय के साथ-साथ बढ़ेगी आपकी रचनात्मकता भी

# खाली वक्त है आपके पास तो घर से शुरू कर सकती हैं 'हैंडमेड ज्वेलरी'का बिजनेस

लोग एक से बढ़कर एक डिजाइन की चूड़ियां, हार, झुमके आदि खरीदना चाहते हैं। लेकिन, क्या आप उन लोगों में से हैं, जो खुद अपने हाथ से ज्वेलरी बनाना पसंद करती हैं? अगर हाँ, तो क्या आपको पता है कि आप अपने इस शौक को अपना व्यवसाय भी बना सकते हैं? जैसा कि दिल्ली निवासी गरिमा बंसल ने किया है। कभी एक शिक्षिका रह चुकीं गरिमा, आज अपना 'हैंडमेड ज्वेलरी' का बिजनेस चला रही हैं। जिसका नाम है- 'द हैंड कृतिज' इसके जरिए, वह खुद डिजाइन की हुई तथा हाथों से बनी ज्वेलरी ग्राहकों तक पहुँचा रही हैं। गरिमा ने अपनी शुरुआत रेशम के धागे वाले कंगन बनाने से की थी और आज वह कलीरें, फूलों वाली ज्वेलरी, बालों के लिए आभूषण, डिजाइनर बैग आदि बना रही हैं।



गरिमा बताती हैं उन्होंने शुरू में मात्र 450 रुपये खर्च किये थे और फिर जैसे-जैसे उनके ऑर्डर बढ़े, वह अपनी कमाई का एक हिस्सा अपने बिजनेस में लगाती रहीं। आज उनकी ज्वेलरी भारतीय शहरों के अलावा, अमेरिका, लंदन और कनाडा जैसे देशों में भी जा रही है। गरिमा कहती हैं, "मुझे बिजनेस की कोई जानकारी नहीं थी लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ी, सबकुछ समझ में आता गया।"

**अपने हुनर पर काम करें:** सबसे पहले आप यह देखें कि आप सबसे अच्छा क्या बनाते हैं? कोई भी ज्वेलरी, जिसे बनाने में आप कुशल हैं और जिसके लिए आप अलग-अलग डिजाइन सोच पाते हैं। उस ज्वेलरी से आप शुरुआत करें। अगर आपको सिर्फ शौक है, तो अपने हुनर पर काम करें।

### इन बातों का ध्यान

बिजनेस शुरू करने से पहले आप यह सुनिश्चित करें कि आप कच्चा माल कहाँ से खरीद सकते हैं। कच्चा माल अच्छी गुणवत्ता का हो लेकिन, आपको थोक मूल्य पर मिल जाये, तभी आपको फायदा होगा। अगर आपको अपने ही इलाके में कच्चा माल मिल जाए तो अच्छा है वरना आप ऑनलाइन भी आर्डर कर सकते हैं। इसके बाद, सोशल मीडिया पर काम करें। अगर आपको फेसबुक और इंस्टाग्राम के बारे में ज्यादा नहीं पता है, तो सीखें।



### कम से कम निवेश से करें शुरुआत

गरिमा कहतीं हैं कि यह ऐसा बिजनेस है, जिसे आप कम पैसों में भी शुरू कर सकते हैं। आप क्या बनाने वाले हैं और इसे बनाने के लिए आपको क्या चीजें चाहिये, पहले इसकी एक सूची बनाएं। फिर, अपना बजट बनाएं और उसी हिसाब से सामान लाकर, काम शुरू करें। एक साथ कई तरह की चीजें बनाकर रखने से बेहतर है कि पहले आप लोगों की प्रतिक्रिया देखें।